गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 37 – 25 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदयः 5:28 | सूर्यास्तः 17:52 |



स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर



माँ कात्यायनी

–पृष्ठ 2

सुविचार : गलतियां तो कीजिये, पर गलत किसी के साथ मत कीजिये।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# लोकसभा में पारित हुआ वक्फ संशोधन विधेयक

## समर्थन में 288, विरोध में 232 वोट



### ओवैसी समेत विपक्षी सांसदों के संशोधन खारिज

### 12 घंटे से अधिक चली मैराथन चर्चा

**नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को 12 घंटे से अधिक समय तक चली बहस के बाद **बुधवार देर रात 1.56 बजे** लोकसभा में बहुमत से मंजूरी दे दी गई। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच काफी तीखी बहस भी देखने को मिली। निचले सदन ने इस कानून को पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोटों के साथ पारित किया। विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रशासन में सुधार करना, प्रौद्योगिकी–संचालित प्रबंधन शुरू करना, जटिलताओं का समाधान करना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। अब सरकार इस बिल को आज ही राज्यसभा में पेश करेगी, जहां लोकसभा की तरह ही सरकार और विपक्ष में जोरदार बहस देखने को मिल सकती है।सरकार ने कहा कि अगर वह वक्फ संशोधन विधेयक नहीं लाती तो संसद भवन समेत कई इमारतें दिल्ली वक्फ बोर्ड के पास चली जातीं और कांग्रेस के शासनकाल में वक्फ संपत्तियों का सही से प्रबंधन होता तो केवल मुसलमानों की ही नहीं, बल्कि देश की तकदीर भी बदल जाती। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए यह भी कहा कि इसके माध्यम से सरकार और वक्फ बोर्ड मस्जिद समेत किसी धार्मिक संस्था के किसी धार्मिक कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्षी दलों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि 1995 में जब कई संशोधनों के साथ व्यापक कानून बनाया गया था, तब किसी ने नहीं कहा था कि यह असंवैधानिक और गैरकानूनी है। रिजिजू ने कहा, आज हम इसे सुधार कर ला रहे हैं तो यह असंवैधानिक लग रहा है। तर्कों पर बात कीजिए। जिन बातों का विधेयक से कोई लेनादेना नहीं, उन पर बात की जा रही है और लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि सरकार मस्जिद, दरगाह और मुसलमानों की संपत्तियों को छीन लेगी जो पूरी तरह गुमराह करने वाली बात है।

### अल्पसंख्यकों के लिए दुनिया में भारत से सुरक्षित कोई जगह नहीं: रीजीजू



केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए दुनिया में भारत से सुरक्षित कोई स्थान नहीं है और इस देश के बहुसंख्यक लोग खुद को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं। लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए रीजीजू ने सरकार के इस कदम को मुस्लिम विरोधी बताने के कई विपक्षी सदस्यों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक को मुसलमानों को बांटने वाला बताया जा रहा है, जबकि सरकार इसके जरिए शिया, सुन्नी समेत समुदाय के सभी वर्गों को एक साथ ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तो देश में सबसे छोटे अल्पसंख्यक समुदाय पारसी को भी बचाने के लिए प्रयास कर रही है।

### वक्फ कानून संसद का है, इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा : अमित शाह



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह वक्फ पर प्रस्तावित कानून नहीं मानने की धमकी दे रहा, लेकिन यह संसद द्वारा पारित किया गया कानून होगा और इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए यह डर फैलाया जा रहा है कि वक्फ विधेयक मुसलमानों के धार्मिक मामलों और उनके द्वारा दान की गई संपत्तियों में दखल है। सदन में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि इसके कानून का रूप लेने के बाद इसे पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जाएगा, जबकि (विपक्ष द्वारा) मुस्लिम भाइयों को इस बहाने डराया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''(विपक्षी दल के) एक सदस्य ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय इसे स्वीकार नहीं करेगा। यह क्या धमकी है...यह संसद का कानून है, सबको स्वीकार करना पड़ेगा। यह भारत सरकार का कानून है, हरेक (नागरिक) के लिए बाध्यकारी है (और) इसे स्वीकार करना पड़ेगा।''

# बंगाल में दंगा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : ममता

## मुख्यमंत्री ने लोगों से शांतिपूर्वक रामनवमी मनाने की अपील की



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को शांतिपूर्वक रामनवमी मनाने की अपील करते हुए कहा कि बंगाल में दंगा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सचिवालय नवान्न में संवाददाता सम्मेलन के दौरान ममता ने भाजपा पर धार्मिक विभाजन पैदा करने करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कृपया दंगे भड़काकर बंगाल को अशांत करने की कोशिश न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में ईद शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। मैं चाहती हूं कि रामनवमी, बसंती पूजा, बांग्ला नववर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए। रामनवमी पर कोई शांतिपूर्वक जुलूस निकाले इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन कुछ लोग रामनवमी जुलूस के नाम पर शस्त्र लेकर दंगा कराने की कोशिश करते हैं। हम किसी को भी दंगा की इजाजत नहीं देंगे। मैं सभी धर्मो का बराबर सम्मान करती हूं। ममता ने यह भी कहा कि भाजपा रामनवमी का इतिहास नहीं जानती है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि मानविक बने, दानविक नहीं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि बंगाल के वाम और राम (वामपंथी दल और भाजपा) जितना अफवाह फैलाएंगे, महाशून्य हो जाएंगे। ममता ने हालिया लंदन दौरे में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के केलाग कॉलेज में उनके व्याख्यान के दौरान कुछ छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की घटना का भी उल्लेख करते हुए शिकायत की कि विदेश में आप मुझसे यह क्यों पूछेंगे कि मैं हिंदू हूं? ममता ने आगे यह भी कहा कि ये अफवाह फैलाई गई कि मैंने इस्तीफा दिया है। इसपर मैंने एफआइआर दर्ज करवाया है। हालांकि, ममता ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।

### वक्फ बिल के खिलाफ हम लड़ाई जारी रखेंगे : ममता

वहीं, संसद में पेश वक्फ संशोधन विधेयक पर ममता ने कहा कि इसके खिलाफ हम लड़ाई जारी रखेंगे। हमारे सांसद वक्फ के लिए लड़ रहे हैं। ममता ने भाजपा व केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि जुमला पार्टी का एकमात्र उद्देश्य– देश को बांटना है। वक्फ बिल इसका उदाहरण है। ममता ने कहा कि भाजपा फूट डालो और राज करो के सिद्धांत में विश्वास करती है। हम अपने संविधान का पालन करते हैं। ममता ने नसीहत दी कि हम सभी को सबसे पहले संविधान का सम्मान करना चाहिए। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं।

# शेयर बाजार में सुधार से निवेशकों की संपत्ति 3.54 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** पिछले कारोबारी सत्र में भारी गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजार में उछाल आने से निवेशकों की संपत्ति 3.54 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 592.93 अंक की बढ़त के साथ 76,617.44 अंक पर बंद हुआ। सत्र के दौरान, यह 655.84 अंक उछलकर 76,680.35 अंक तक पहुंच गया था। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,54,507.54 करोड़ रुपये बढ़कर 4,12,98,095.60 करोड़ रुपये (4,820 अरब डॉलर) हो गया। बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय का छह सप्ताह में बाइक टैक्सी सेवाएं बंद करने का आदेश

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं देने वाली कंपनियों को छह सप्ताह के भीतर राज्य में बाइक टैक्सी सेवाएं बंद करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि जब तक राज्य सरकार मोटर वाहन अधिनियम के तहत उचित दिशानिर्देश अधिसूचित नहीं करती, तब तक बाइक टैक्सी नहीं चल सकती। न्यायमूर्ति बी एम श्याम प्रसाद की एकल पीठ ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्धारित समय के भीतर बाइक टैक्सी का परिचालन बंद कर दिया जाए। यह निर्देश तब आया जब बाइक टैक्सी भी संचालित करने वाली ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और राज्य सरकार को बाइक टैक्सी चलाने के लिए नीति तैयार करने को आवश्यक निर्देश देने की मांग की।

# जामनगर में वायुसेना का लड़ाकू जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक पायलट सुरक्षित बचा, दूसरा लापता

**जामनगर :** गुजरात में जामनगर वायुसेना स्टेशन के पास बुधवार रात भारतीय वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू जेट विमान एक गांव में प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान एक पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल आया लेकिन दूसरा पायलट लापता है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

# प्रधानमंत्री मोदी थाईलैंड का दौरा करेंगे

### बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे

**बैंकॉक :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचेंगे। इस दौरान वह थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ वार्ता करेंगे और छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी का थाईलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। वह 'गवर्नमेंट हाउस' में शिनावात्रा से मिलेंगे, जहां उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा। बृहस्पतिवार की शाम को प्रधानमंत्री मोदी समुद्री सहयोग पर समझौते के लिए बिम्सटेक (बहु–क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) नेताओं के साथ शामिल होंगे। इस सम्मेलन में थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमा और भूटान के नेता शिरकत करेंगे। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में मोदी की भेंट नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और म्यांमा के सैन्य जुंटा नेता मिन आंग ह्लाइंग सहित अन्य नेताओं से होगी। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता निकोर्नडेज बालनकुरा ने म्यांमा के नेता का जिक्र करते हुए कहा, 'वह शिखर सम्मेलन के दिन बैठक में शामिल होंगे।

### बैंकॉक में बिम्सटेक के दौरान यूनुस–मोदी की मुलाकात की 'काफी संभावना': बांग्लादेशी के अधिकारी

# रामनवमी को लेकर कोलकाता पुलिस सख्त, पुलिस आयुक्त ने सभी थानों के साथ की बैठक

### डीजे नहीं चलेगा, मोटरसाइकिल पर शोभायात्रा नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर पुलिस की ओर से कई निर्देश दिए गए हैं। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा की ओर से जारी निर्देशिका में कहा गया है कि यदि शोभायात्रा में कोई भी व्यक्ति हथियार लेकर शामिल होगा तो उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, कोलकाता पुलिस ने इस संबंध में मंगलवार को एक बैठक भी की है। पुलिस आयुक्त ने सभी पुलिस थानों के ओसी को निर्देश दिया कि कोलकाता शहर में लंबे समय से डीजे पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसलिए इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान डीजे न बजाया जाए। मोटरसाइकिल पर रामनवमी की शोभायात्रा नहीं निकाली जा सकेगी। यदि कोई भी व्यक्ति जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर सवार होकर शोभायात्रा में शामिल होने की कोशिश करेगा तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। मनोज वर्मा के निर्देश के बाद, रामनवमी जुलूस के आयोजकों को विशिष्ट पुलिस थानों में बुलाया गया और उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

**'पुलिस बेवजह फैला रही है डर', भाजपा का आरोप**

भाजपा ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर बेवजह डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद दिलीप घोष ने कहा कि रामनवमी से पहले पुलिस द्वारा सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द करना अनावश्यक फैसला है। राज्य सरकार केवल हिंदू त्योहारों के दौरान इस तरह के कदम उठाती है। रामनवमी के अवसर पर लाखों लोग सड़कों पर निकलते हैं, लेकिन इससे कोई तनाव नहीं होता। पुलिस को उन लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए जो अशांति फैलाने की कोशिश करते हैं। दुर्गा पूजा के दौरान भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं, लेकिन वहां कोई परेशानी नहीं होती।

**इस बार दो हजार शोभायात्राएं निकलेंगी**

पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि इस बार राम नवमी पहले से भी बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। इस बार कम से कम दो हजार शोभायात्राएं निकाली जाएंगी और पिछले साल के मुकाबले भागीदारी दोगुनी होगी। पिछले साल 50 लाख हिंदू सड़कों पर उतरे थे, इस बार यह संख्या एक करोड़ तक पहुंचेगी। मैं खुद इस दिन सड़कों पर रहूंगा।

# भारतीय नौसेना ने 2500 किग्रा. मादक पदार्थ बरामद किया



**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के अग्रणी युद्धपोत आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च को नौसेना को कुछ जहाजों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद मादक पदार्थों को जब्त करने का अभियान शुरू किया गया। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि आसपास के सभी संदिग्ध जहाजों या नौकाओं से पूछताछ करने के बाद आईएनएस तरकश ने पी8आई समुद्री निगरानी विमान और मुंबई में समुद्री परिचालन केंद्र के साथ मिलकर एक संदिग्ध नौका को रोका और उसमें सवार हो गये। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, जहाज ने संदिग्ध नौका की गतिविधियों पर नजर रखने और क्षेत्र में संभावित रूप से संचालित अन्य जहाजों की पहचान करने के लिए अपने हेलीकॉप्टर को भी भेजा। अधिकारी ने बताया कि मरीन कमांडो के साथ एक विशेषज्ञ टीम नौका पर सवार हो गयी और गहन तलाशी ली जिसके परिणामस्वरूप कई सीलबंद पैकेट बरामद हुए। उन्होंने बताया कि तलाशी और पूछताछ में पता चला कि जहाज पर विभिन्न कार्गो होल्ड और डिब्बों में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ (जिसमें 2,386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन शामिल है) रखे हुए थे। प्रवक्ता ने बताया कि संदिग्ध नौका को बाद में आईएनएस तरकश के नियंत्रण में लाया गया और चालक दल के सदस्यों से उनकी कार्यप्रणाली और क्षेत्र में अन्य समान जहाजों की मौजूदगी के बारे में विस्तृत पूछताछ की गई।

# अमेरिका ने भारत पर मारा 'टैरिफ बम'

## ट्रंप ने लगाया 26% का रेसिप्रोकल टैरिफ



**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 26% 'रेसिप्रोकल टैरिफ' लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने वाइट हाउस में इससे जुड़े एक एक्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। ट्रंप ने अन्य देशों पर 10% 'न्यूनतम बेसलाइन टैरिफ' लगाने की घोषणा की ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को 'फिर से मजबूत' किया जा सके। रोज गार्डन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, ट्रंप ने ऐलान किया कि सभी विदेशी निर्मित ऑटोमोबाइल्स पर 25% टैरिफ लगाया जाएगा, जो आधी रात से प्रभावी होगा। ट्रंप ने यूरोपीय संघ और एशियाई देशों पर अमेरिकी कारों के खिलाफ भारी टैरिफ लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका केवल 2.4% टैरिफ लगाता है, जबकि थाईलैंड 60%, भारत 70% और वियतनाम 75% तक शुल्क वसूलता है। उन्होंने जापान और दक्षिण कोरिया पर भी निशाना साधा, यह कहते हुए कि इन देशों में बेची जाने वाली अधिकांश कारें स्थानीय निर्मित होती हैं, जबकि अमेरिकी कारों की बिक्री बेहद कम है। ट्रंप ने इस टैरिफ को अमेरिका की 'आर्थिक स्वतंत्रता की घोषणा' बताते हुए कहा कि अमेरिका अब व्यापार में पीछे नहीं रहेगा। ट्रंप ने कहा कि जब व्यापार की बात आती है, तो कभी–कभी 'दोस्त दुश्मन से भी बदतर होता है'। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया में बनी 80% से ज्यादा कारें वहीं बेची जाती हैं, और जापान में बिकने वाली 90% से ज्यादा कारें जापान में ही बनाई जाती हैं, जबकि अमेरिकी कारों की वहां बहुत कम हिस्सेदारी है। ट्रंप ने कहा, 'फोर्ड अन्य देशों में बहुत कम बेचता है,' और इस असंतुलन ने अमेरिकी उद्योगों को 'तबाह' कर दिया है।

अब पूर्वी भारत में
टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए
ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र–दूत, डॉ. संतोष कुमार, बताते हैं कि एआई–सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध–सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल–पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व–योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ–साथ पूर्व–संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।
हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




ADVANTAGES

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति–उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट–ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)
Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089
More information call us 9831911584/9831266632
Visit our website www.mykneemylife.org

## मनुष्य जीवन के लिये खतरे की घंटी

तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। यह बात अलग है कि कई निष्कर्षों को लेकर विदेशी बाजार व कारोबारियों के लक्ष्य भी होते हैं। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। ऐसा ही एक अध्ययन जर्मन ब्रिटिश अकादमिक कंपनी स्प्रिंग नेचर द्वारा एक पर्यावरण विषयक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए। इस दिशा में न केवल केरल बल्कि अन्य राज्यों में भी ऐसे ही अध्ययन होने चाहिए। वैसे तो एक खास वर्ग ही बोतलबंद पानी का उपयोग करता है, लेकिन पानी के अन्य स्रोतों का भी गंभीर अध्ययन किया जाना चाहिये। इसमें सरकारी जल आपूर्ति को भी शामिल करना जरूरी है।

हमारे जीवन में जहर घोल रहे माइक्रोप्लास्टिक के हवा व पेड़-पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर भी कई अध्ययन सामने आए हैं। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। सर्वविदित है कि देश के नीति-नियंताओं की कार्यस्थली दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी है। कमोबेश देश के कई अन्य शहर भी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। प्रदूषण के कारण प्लास्टिक कण हमारी जीवन प्रत्याशा को घटा रहे हैं और कैंसर जैसे कई घातक रोग साथ में दे रहे हैं। विडंबना देखिये न तो सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत हैं और न ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जनता जागरूक है। वहीं मुफ्त की रेवड़ियों की आस रखने वाले मतदाता इस गंभीर संकट को चुनावी मुद्दा बनाने की बात कभी नहीं करते। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं,लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 अप्रैल, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष षष्ठी, 21:47 तक, रोहिणी, 07:02 तक, योग : सौभाग्य, 24:04 तक, सूर्योदय: 5:28, सूर्यास्त: 17:52, चन्द्रोदय : 09:08, चन्द्रास्त: 23:26, शक सम्वत: 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 13:12 से 14:44

## राशिफल

**मेष :** आज आपके मन में कामों को लेकर उलझन रहेगी। किसी दूसरी नौकरी का भी आपको ऑफर आने की संभावना है। परिवार में किसी दूर रह रहे परिजन की आपको याद सता सकती है।

**वृष :** आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको वाहनों के प्रयोग से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका कोई विरोधी खड़ा हो सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घर में बड़े बुजुर्गों से आपकी खूब पटेगी। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपने धन का कुछ हिस्सा गरीबों की सेवा में भी लगाएंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके काम समय से पूरे होंगे, जिससे परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को उनके कामों के लिए कोई पुरस्कार मिलेगा और उन्हें प्रमोशन आदि भी मिल सकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कुछ विशेष व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आप किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर अपने भाइयों से बात कर सकते हैं।

**मकर :** अआज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटेंगे। आपका धार्मिक कामों में आपका खूब मन लगेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। यदि आप अपने कार्यक्षेत्र के कामों में कोई बदलाव कर सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**मीन :** आज आपको यदि किसी बात को लेकर क्रोध है, तो भी आप उसमें धैर्य बनाए रखें। कामकाज में आपको अच्छी तरक्की मिलेगी। आपको मानसिक तनाव रहने से आपकी समस्याएं बढ़ेगी।

# मां कात्यायनी की पूजा से मिलता है अच्छा जीवनसाथी

मां दुर्गा का छठा रूप मां कात्यायनी हैं। आज नवरात्रि के छठवें दिन उनकी पूजा होती है। ऋषि कात्यायन के घर जन्म होने से उनका नाम कात्यायनी पड़ा। मां कात्यायनी की पूजा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इन चारों पर विजय प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। नवरात्रि में देवी कात्यायनी की पूजा का खास महत्व होता है। मान्यता है कि नवरात्रि में देवी कात्यायनी की पूजा करने से माता भक्तों को साहस और शक्ति देती हैं। साथ ही यह भी माना जाता है कि कुंवारे लड़के और लड़कियां मां कात्यायिनी की पूजा पूरे विधि विधान से करते हैं, तो उन्हें सुयोग्य जीवनसाथी की प्राप्ति होती है। तो आइए जानते हैं मां कात्यायिनी का स्वरूप कैसा है, जानें उनकी पूजा का महत्व, पूजाविधि, भोग, मंत्र और आरती।



**मां कात्यायनी की पूजा का महत्व**

ब्रजभूमि में देवी कात्यायनी की पूजा होती है। ब्रज की कन्याओं ने श्रीकृष्ण के प्रेम के लिए इनकी आराधना की। श्रीकृष्ण ने भी देवी कात्यायनी की पूजा की थी। देवी कात्यायनी को मधु वाला पान बहुत पसंद है। उन्हें फल, मिठाई और शहद वाला पान प्रसाद के रूप में चढ़ाना चाहिए। गीता में भी बताया गया है कि राध-ारानी और गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए कात्यायनी पीठ में पूजा की थी। माता ने उन्हें वरदान दिया, लेकिन, भगवान कृष्ण एक थे और गोपियां अनेक, इसलिए, यह संभव नहीं था। भगवान कृष्ण ने देवी के इस वरदान को पूरा करने के लिए सभी गोपियों के लिए महारास किया।

**मां कात्यायनी का स्वरूप**

मां कात्यायनी सुनहरे वर्ण वाली चमत्कारिक देवी हैं। उनकी चार भुजाएं हैं और वे रत्नों से सजी हैं। वह शेर पर सवार रहती हैं और हमेशा हमला करने के लिए तैयार रहती हैं। उनका तेज सभी देवताओं के तेज से मिलकर बना है। देवी कात्यायनी भक्तों को अभय और वरदान देती हैं। मां कात्यायनी दाहिनी ओर ऊपर वाले हाथ से भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। नीचे वाले हाथ से वे उन्हें वरदान देती हैं। बायीं ओर के ऊपर वाले हाथ में उन्होंने चंद्रहास नाम की तलवार पकड़ी है। नीचे वाले हाथ में कमल का फूल है।

**मां कात्यायनी का भोग**

मां कात्यायनी को पीला रंग बहुत पसंद है, इसलिए भक्त उन्हें पीले रंग की मिठाई अर्पित करते हैं। यह माना जाता है कि ऐसा करने से मां प्रसन्न होती हैं। इसके साथ ही, मां को शहद से बने हलवे का भोग भी लगाया जाता है। आप सूजी का हलवा बनाकर उसमें शहद मिलाकर भी मां को अर्पित कर सकते हैं, ऐसा करने से मां कात्यायनी की कृपा प्राप्त होती है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025: विधेयक के लाभ

**वक्फ क्या है**

'वक्फ' की अवधारणा इस्लामी कानूनों और परंपराओं में निहित है। यह एक मुस्लिम द्वारा मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण जैसे धर्मार्थ या धार्मिक उद्देश्यों के लिए किए गए दान को संदर्भित करता है। वक्फ की एक और परिभाषित विशेषता यह है कि यह अविभाज्य है – जिसका अर्थ है कि इसे बेचा, उपहार या विरासत में नहीं दिया जा सकता तथा उस पर कोई बोझ नहीं डाला जा सकता। एक बार वक्फ के रूप में नामित होने के बाद,स्वामित्व वक्फ (वाकिफ) करने वाले व्यक्ति से अल्लाह को हस्तांतरित हो जाता है,जिससे यह अपरिवर्तनीय हो जाता है। चूंकि अल्लाह हमेशा के लिए है, इसलिए 'वक्फ संपत्ति' भी हमेशा के लिए है।

लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करना

वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य निम्नलिखित मुद्दों का समाधान करना है –

1. वक्फ संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी
2. वक्फ भूमि अभिलेखों का अधूरा सर्वेक्षण और म्यूटेशन
3. महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों के लिए अपर्याप्त प्रावधान
4. अतिक्रमण सहित बड़ी संख्या में लंबे समय से चल रहे मुकदमे। वर्ष 2013 में 10,381 मामले लंबित थे, जो अब बढ़कर 21,618 हो गए हैं।
5. किसी भी संपत्ति को अपनी जांच के आधार पर वक्फ की संपत्ति घोषित करने की वक्फ बोर्डों की अतार्किक शक्ति।
6. सरकारी भूमि को वक्फ घोषित करने से जुड़े कई विवाद।
7. वक्फ संपत्तियों के उचित लेखा-जोखा और लेखा-परीक्षण का अभाव।
8. वक्फ प्रबंधन में प्रशासनिक अक्षमता।
9. ट्रस्ट संपत्तियों के साथ अनुचित व्यवहार।
10. केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में हितधारकों का कम प्रतिनिधित्व।

**वक्फ विधेयक का आधुनिकीकरण**

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं।

I. वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित गैर-मुस्लिम संपत्तियां – वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों और व्यक्तिगत संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा करते हुए वक्फ संपत्ति प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है। विभिन्न राज्यों में वक्फ संपत्ति के दावों को लेकर विवाद देखे गए हैं, जिससे कानूनी लड़ाई और सामुदायिक चिंताएं पैदा हुई हैं। सितंबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, 25 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के वक्फ बोर्डों में कुल 5973 सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया है। इसके कुछ उदाहरण:




* तमिलनाडु: थिरुचेंथुरई गांव का एक किसान वक्फ बोर्ड के पूरे गांव पर दावे के कारण अपनी ज़मीन नहीं बेच पा रहा था। इसके चलते वह अपनी बेटी की शादी हेतु लिए गए ऋण को चुकाने के लिए अपनी ज़मीन बेच नहीं सका।
* गोविंदपुर गांव, बिहार: अगस्त 2024 में, बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड के अगस्त 2024 में पूरे गांव पर किए गए दावे के कारण सात परिवार प्रभावित हुए। यह मामला पटना उच्च न्यायालय में चल रहा है।
* केरल: सितंबर 2024 में एर्नाकुलम जिले के करीब 600 ईसाई परिवार अपनी पुश्तैनी जमीन पर वक्फ बोर्ड के दावे का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति में अपील की है।
* कर्नाटक: 2024 में वक्फ बोर्ड द्वारा विजयपुरा में 15,000 एकड़ जमीन को वक्फ जमीन के रूप में नामित करने के बाद किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। बल्लारी, चित्रदुर्ग, यादगीर और धारवाड़ में भी विवाद उठे। हालांकि, सरकार ने आश्वासन दिया कि कोई बेदखली नहीं होगी।
* उत्तर प्रदेश: राज्य वक्फ बोर्ड के कथित भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ शिकायतें उठाई गई हैं।

इसके अलावा, वक्फ (संशोधन) विधेयक पर गठित संयुक्त समिति को वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गैरकानूनी दावे के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुए, जो इस प्रकार हैं:

* कर्नाटक (1975 और 2020): 40 वक्फ संपत्तियों को अधिसूचित किया गया, जिनमें खेत, सार्वजनिक स्थान, सरकारी भूमि, कब्रिस्तान, झीलें और मंदिर शामिल हैं।
* पंजाब वक्फ बोर्ड ने पटियाला में शिक्षा विभाग की जमीन पर दावा किया है।

इसके अतिरिक्त, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने सितंबर 2024 में अपनी प्रस्तुति के दौरान संयुक्त संसदीय समिति को सूचित किया कि भूमि और विकास कार्यालय के नियंत्रण में 108 संपत्तियां, दिल्ली विकास प्राधिकरण के नियंत्रण में 130 संपत्तियां और सार्वजनिक डोमेन में 123 संपत्तियों को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया और मुकदमेबाजी में लाया गया।

II. मुस्लिम महिलाओं और कानूनी उत्तराधिकारियों के अधिकार- विधेयक में स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) और वित्तीय स्वतंत्रता कार्यक्रमों को बढ़ावा देकर मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करने का भी प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त, विधेयक का उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के लाभ के लिए निम्नलिखित लक्ष्य प्राप्त करना है-

* **वक्फ प्रबंधन में पारदर्शिता-** भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए वक्फ रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण।
* कानूनी सहायता और सामाजिक कल्याण – पारिवारिक विवादों और उत्तराधिकार अधिकारों के लिए कानूनी सहायता केंद्रों की स्थापना।
* सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान – सांस्कृतिक संरक्षण और अंतर-धार्मिक संवाद को मजबूत करना।

महिलाओं की भागीदारी पारदर्शिता सुनिश्चित करती है और वक्फ संसाधनों को इस दिशा में निर्देशित करती है:

* मुस्लिम लड़कियों के लिए छात्रवृत्ति
* स्वास्थ्य सेवा और मातृत्व कल्याण
* महिला उद्यमियों के लिए कौशल विकास और माइक्रोफाइनेंस सहायता
* फैशन डिजाइन, स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण
* उत्तराधिकार विवादों और घरेलू हिंसा मामलों के लिए कानूनी सहायता केंद्रों की स्थापना
* विधवाओं के लिए पेंशन योजनाएं

**III. गरीबों का उत्थान**

वक्फ धार्मिक, धर्मार्थ और सामाजिक कल्याण की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, खासकर वंचितों के लिए। हालांकि, कुप्रबंधन, अतिक्रमण और पारदर्शिता की कमी के कारण इसका प्रभाव अक्सर कम हो जाता है। गरीबों के लिए वक्फ के कुछ प्रमुख **लाभ:**

1. पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए डिजिटलीकरण

* एक केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल वक्फ संपत्तियों की पहचान करेगा, जिससे बेहतर निगरानी और प्रबंधन सुनिश्चित होगा।
* ऑडिटिंग और अकाउंटिंग उपायों से वित्तीय कुप्रबंधन को रोका जा सकेगा और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि फंड का इस्तेमाल केवल कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए किया जाए।

**2. कल्याण और विकास के लिए राजस्व में वृद्धि**

* वक्फ भूमि के दुरुपयोग और अवैध कब्जे को रोकने से वक्फ बोर्डों के राजस्व में वृद्धि होगी, जिससे उन्हें कल्याणकारी कार्यक्रमों का विस्तार करने में मदद मिलेगी।
* स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आवास और आजीविका सहायता के लिए धन आवंटित किया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ होगा।
* नियमित ऑडिट और निरीक्षण, वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देंगे और वक्फ प्रबंधन में जनता का विश्वास मजबूत करेंगे।

**IV. प्रशासनिक चुनौतियों का समाधान-**

**वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 में निम्नलिखित उपायों के जरिये व्यवस्था में सुधार करने का लक्ष्य है:**

* संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाना।
* वक्फ बोर्ड और स्थानीय अधिकारियों के बीच तालमेल को सुव्यवस्थित करना।
* हितधारकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना।

V. पिछड़े वर्गों और मुस्लिम समुदायों के अन्य संप्रदायों का सशक्तिकरण: विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को बेहतर वक्फ शासन और निर्णय लेने के लिए विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों को प्रतिनिधित्व देकर अधिक समावेशी बनाना है-

* विधेयक में राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के वक्फ बोर्डों में बोहरा और अघाखानी समुदायों से एक-एक सदस्य को शामिल करने का प्रावधान है।
* साथ ही, बोर्ड में शिया और सुन्नी सदस्यों के अलावा पिछड़े वर्गों से संबंधित मुसलमानों का प्रतिनिधित्व होगा।
* नगर पालिकाओं या पंचायतों से दो या अधिक निर्वाचित सदस्यों को शामिल करना, वक्फ मामलों में स्थानीय शासन को मजबूत करना।
* बोर्ड/केंद्रीय वक्फ परिषद में पदेन सदस्यों को छोड़कर दो गैर-मुस्लिम सदस्य होंगे।

**निष्कर्ष:**

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 वक्फ प्रशासन के लिए एक धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था तय करता है। जहां वक्फ संपत्तियां धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों की पूर्ति करती हैं, उनके प्रबंधन में कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक जिम्मेदारियां शामिल होती हैं जिनके लिए सुव्यवस्थित शासन की आवश्यकता होती है। वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी) की भूमिका धार्मिक नहीं बल्कि नियामक है, जो कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करती है और सार्वजनिक हितों की रक्षा करती है। यह विधेयक हितधारकों को सशक्त बनाकर और शासन में सुधार करके देश में वक्फ प्रशासन के लिए एक प्रगतिशील और निष्पक्ष ढांचा तैयार करता है।

# यूपी/राजस्थान

## गाजियाबाद में आरएसएस और भाजपा की समन्वय बैठक में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ

**गाजियाबाद (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की समन्वय बैठक में शामिल हुए।

आरएसएस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। समन्वय बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी का काफिला पूर्वाह्न 11 बजे नेहरू नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचा। बैठक में भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रमुख भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हुए। आरएसएस के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि इस तरह की बैठकें अलग-अलग जगहों पर नियमित रूप से होती रहती हैं। मुख्यमंत्री की आरएसएस नेतृत्व के साथ बैठक के एजेंडे के बारे में आरएसएस या भाजपा नेताओं की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी। बैठक में केवल संघ और भाजपा के राज्य स्तरीय नेता ही शामिल हुए।

## ज्ञानवापी मस्जिद के पश्चिमी द्वार पर स्थित श्री श्रृंगार गौरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**वाराणसी (उप्र) :** ज्ञानवापी मस्जिद के पश्चिमी द्वार पर स्थित श्री श्रृंगार गौरी मंदिर में बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद से प्रशासन ने मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना पर रोक लगा दी थी। फिलहाल श्रद्धालुओं को साल में केवल एक बार चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन ही पूजा करने की अनुमति है। पांच महिलाओं के एक समूह ने 2021 में मंदिर में नियमित पूजा की अनुमति के लिए याचिका दायर की थी।

## अवैध खनन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है राजस्थान सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाएगी। शर्मा ने अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण के संबंध में यहां मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाएगी जिससे खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लग सके। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का यह दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण समर्पण भाव से करें तथा राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

## वक्फ की 90 प्रतिशत से अधिक संपत्ति विवादित : आरिफ मोहम्मद खान

**मथुरा, (उप्र) :** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को कहा कि वक्फ की 90 प्रतिशत से अधिक संपत्ति विवादित है और मामले अदालत में लंबित हैं। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्यपाल खान ने यह बात कही। खान ने कहा, कॉलेज, विश्वविद्यालय या अनाथालय चलाने जैसे धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जा रही वक्फ संपत्ति ढूंढना मुश्किल है और इससे केवल अमीर वर्ग के उद्देश्य की पूर्ति की जा रही हैं। इससे पहले महावन तहसील के अंतर्गत आने वाले लोहवन में दो नए पुनर्निर्मित सरकारी स्कूलों का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका का उल्लेख किया।

## वर्ग पहेली नं. 3051

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | ■ | 23 | | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | 26 | | ■ | 27 | | 28 | ■ |
| 29 | | | | | ■ | | ■ | 30 | |

**बायें से दायें:-** 1) सुशासन; शांतिकाल, 3) बाधा, 6) भीड़, 8) एक आयतन माप एकक, 9) शतरंज की एक गोट, 10) नयनपट, 12) हुनर, 13) निष्ठावान, 15) एक मिठाई, 17) पिछला दिन, 18) सेना का खाद्य पदार्थ जो उसके साथ रहता है, 20) प्रेमी, 22) हाथी शिशु, 23) सिखों के चौथे गुरु, 25) पूरा एक और उसका चौथाई, 26) नौकर, 27) सहमत होना, 29) सुगंधित, 30) व्यापारिक महगाई.

**ऊपर से नीचे:-** 1) अवांछनीय, 2) उपहार, 3) स्थिर, 4) बदज़बानी, 5) आपस का, 7) गोलमाल, 11) निवाला, 12) मात्रा, 14) समाविष्ट, 16) समय अपालक; बेफ़िक्र, 17) पैर, 19) पूर्णतया, 20) बरतन, 21) बीच में, 22) शपथ, 24) कन्याभर्ता, 26) दादू; बड़ा भाई, 28) उपलक्ष्य में.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ह | म | त | ■ | अ | जू | बा | ■ | सु |
| रा | ■ | ह | र | जा | ना | ■ | जा | पा | न |
| स | ब | क | ■ | व | ज | ह | ■ | ■ | सा |
| र | द | ■ | ह | क | ■ | ता | न | से | न |
| ■ | क्रि | धा | र | ■ | छ | ह | ■ | ह | ■ |
| क्रि | स्म | ■ | द | र्प | ■ | त | ना | त | नी |
| ■ | त | मा | म | ■ | भू | ■ | मी | ■ | ति |
| श | ■ | हौ | ■ | बै | सा | खी | ■ | ■ | ही |
| क | म | ल | ना | ल | ■ | सा | व | धा | न |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3011

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | 4 | | | | 1 | |
| 2 | | | | | | | 8 | |
| | | | | | 7 | 2 | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | 1 | 3 | | | | |
| 9 | | | | | | 7 | | |
| | | | 8 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3010 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 | 7 | 9 |

# दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी अस्वीकार्य, राज्यभर में होगा विरोध प्रदर्शन : ममता

❑ **मुख्यमंत्री ने केंद्र पर 748 आवश्यक दवाओं की कीमतों में रातों-रात वृद्धि करने का लगाया आरोप**

❑ **कहा... 'केंद्र की यह सरकार आम आदमी के लिए नहीं बल्कि खास लोगों के लिए चल रही है'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर 748 आवश्यक दवाओं की कीमतों में रातों-रात भारी वृद्धि करने का अरोप लगाते हुए इस मूल्यवृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की। ममता ने केंद्र के इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र की यह सरकार आम आदमी के लिए नहीं बल्कि खास लोगों के लिए चल रही है। राज्य सचिवालय नवान्न में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने मंगलवार (एक अप्रैल) से 748 आवश्यक दवाओं की कीमतों में भारी वृद्धि कर दी है। जिसमें पैरासिटामोल, कैंसर व मधुमेह की दवाएं, एनीमिया, रक्तचाप और कोलेस्ट्राल की दवाएं भी शामिल हैं। ममता ने कहा कि ये दवाइयां गरीब लोग खरीदते हैं। कीमतें बढ़ने से आम लोगों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विशेषकर कैंसर की दवा के दाम में बढ़ोतरी पर आश्चर्य जताया। ममता ने भाजपा पर चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें करने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार केवल देश को धर्म के नाम पर बांटने और दंगे भड़काने के लिए है? उन्होंने कहा कि क्या सरकार उन लोगों के लिए चल रही है जिनके पास करोड़ों रुपये है? ममता ने दवाइयों की कीमतों में वृद्धि के विरोध में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से रामनवमी से पहले चार और पांच अप्रैल को राज्य के हर ब्लॉक और वार्ड में शाम चार से पांच बजे तक विरोध मार्च निकालने व धरना देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने आम लोगों से भी मूल्य वृद्धि का कड़ा प्रतिवाद करने की अपील की। साथ ही, ममता ने केंद्र को मूल्य वृद्धि अविलंब वापस नहीं लेने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

❑ **स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी को लेकर भी आलोचना की**

ममता ने कहा कि भोजन, वस्त्र, आवास और स्वास्थ्य समाज में जीवित रहने के लिए चार आवश्यक चीजें है। आज स्वास्थ्य ही धन है, इसलिए हमारी सरकार ने सभी लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य साथी बीमा तक उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि कि दूसरी ओर, केंद्र ने स्वास्थ्य बीमा पर भी जीएसटी लगा दिया है। ममता ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाने को लेकर मैंने प्रधानमंत्री को बार-बार पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब केंद्र ने रातों-रात सैकड़ों दवाइयों के दाम भी बढ़ा दिए।

❑ **14 अप्रैल को होगा कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन, मुख्यमंत्री ने की घोषणा**

शहरी विकास मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने पहले ही घोषणा की थी कि कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन नए साल से पहले किया जाएगा। इस बार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उद्घाटन की तारीख की घोषणा की। उन्होंने घोषणा की कि काली मंदिर के स्काईवॉक का उद्घाटन 14 अप्रैल को किया जाएगा। दीघा में जगन्नाथ मंदिर का भी इसी महीने उद्घाटन किया जाएगा। ममता ने बुधवार को नवान्न में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को स्काईवॉक और काली मंदिर के विकास का उद्घाटन किया जाएगा। दीघा में जगन्नाथ मंदिर का भी इसी महीने उद्घाटन किया जाएगा। हमें बहुत काम करना है।

# किडनी तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस ने दो आरोपितों का बैंक अकाउंट किया फ्रीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने किडनी तस्करी से जुड़े एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में दो मुख्य आरोपितों विकास घोष उर्फ शीतल और गुरुपद जाना उर्फ अमित की संपत्ति की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है और उनकी तेजी से बढ़ी संपत्ति की जांच शुरू कर दी है। शीतल और अमित ने पिछले तीन-चार वर्षों में किडनी तस्करी के जरिए बेहिसाब संपत्ति अर्जित की। शीतल ने अशोकनगर में महंगे मार्बल से बना दो मंजिला मकान तैयार किया और लाखों रुपये के गहने खरीदे। उसकी कुल संपत्ति करोड़ों रुपये में आंकी गई है। वहीं, अमित ने पूर्व मेदिनीपुर में 50 लाख रुपये की जमीन खरीदी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यदि इन संपत्तियों का संबंध किडनी तस्करी से साबित होता है और आरोपित इसका सही हिसाब नहीं दे पाते, तो पुलिस उनकी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर सकती है। फिलहाल, अशोकनगर थाना इस दिशा में कार्रवाई कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी उस व्यक्ति को नोटिस भेजा है, जिसे किडनी प्रत्यारोपित की गई थी। इसके अलावा, अन्य राज्यों के किडनी प्राप्तकर्ताओं का भी पता लगाया गया है। पुलिस यह जांच कर रही है कि इन लोगों का गिरोह से कैसे संपर्क हुआ और किडनी खरीदने के लिए उन्होंने कितनी रकम चुकाई। सूत्रों के अनुसार, गिरोह विदेशों तक फैला हुआ था और वहां भी ग्राहक बनाए गए थे। पुलिस जल्द ही गिरफ्तार किए गए आरोपितों से पूछताछ कर इस नेटवर्क की पूरी जानकारी जुटाएगी। मंगलवार को पांच आरोपितों को अदालत में पेश किया गया, जहां से शीतल को दो दिन की न्यायिक हिरासत में और अमित समेत चार अन्य को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने इस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों की तलाश भी तेज कर दी है।

## बेलघरिया में पार्टी कार्यालय के सामने तृणमूल कर्मी की गोलीमार कर हत्या, तीन संदिग्ध हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया में मंगलवार की रात तृणमूल कांग्रेस कार्यालय के सामने एक तृणमूल कार्यकर्ता की कथित तौर पर अपराधियों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। इस घटना को लेकर बुधवार की सुबह इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले जांच शुरू हो गई है। इस दिन, सुबह में स्थानीय लोगों ने बेलघरिया स्थित तृणमूल कार्यालय के सामने सड़क पर एक युवक को पड़ा देखा। करीब से देखने पर पता चला कि सड़क पर पड़ा हुआ युवक तृणमूल कार्यकर्ता रेहान खान है। पुलिस को तुरंत सूचित किया गया। पुलिस और स्थानीय लोग युवक को सागरदत्त मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक मंगलवार की रात बेलघरिया स्थित पार्टी कार्यालय के सामने बैठा था। कथित तौर पर, उसी समय बदमाशों के एक समूह ने उन पर गोलियां चला दीं। एक गोली रेहान के गले में लगी। वह सड़क पर गिर गया। रेहान सारी रात वहीं पड़ा रहा। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पता चला है कि तृणमूल कार्यकर्ता की निजी दुश्मनी के चलते हत्या की गई है। पुलिस पहले ही तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को हाई कोर्ट से मिली अंतरिम राहत

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता व बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को कलकत्ता हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने बुधवार को उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई या गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बता दें कि अर्जुन सिंह एक गोलीकांड मामले में कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। बैरकपुर एसीजेएम कोर्ट ने मंगलवार को उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके खिलाफ उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट में अपील दायर की है। बुधवार को इस मामले में न्यायधीश जॉय सेनगुप्ता की पीठ ने कहा कि उनके खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती। अर्जुन सिंह ने सोमवार को कहा था कि उन्होंने पहले ही हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल, 26-27 मार्च की रात को उनके आवास पर कथित रूप से कुछ अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिसमें एक व्यक्ति सद्दाम हुसैन घायल हो गया था। इसके बाद से पुलिस ने अर्जुन सिंह को कई बार समन भेजा है। जगद्दल थाने के प्रभारी अधिकारी भी उनसे पूछताछ के लिए उनके घर पहुंचे थे। पुलिस इस गोलीकांड में घायल सद्दाम हुसैन की गंभीर हालत को लेकर अर्जुन सिंह से पूछताछ करना चाहती है।

# ममता बंगाल में हिंदी भाषी हिंदू मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश कर रहीं : शुभेन्दु अधिकारी

**फर्जी मतदाता के मुद्दे पर हाई कोर्ट के आदेश के बाद भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में निकाली विरोध रैली**




**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वह हिंदी भाषी हिंदू मतदाताओं और पूर्वी पाकिस्तान से आए पिछड़ी जाति के बंगाली हिंदुओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रच रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ऐसे किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध करेगी। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने भाजपा की युवा शाखा द्वारा आयोजित एक रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख (ममता बनर्जी) नेताजी इंडोर स्टेडियम में अपनी पार्टी की सार्वजनिक बैठक के बाद से इस अभियान का नेतृत्व कर रही हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अगर 2026 में वास्तविक मतदाताओं द्वारा वोट डाले जाने के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुआ तो उनकी हार हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी का लक्ष्य राज्य में रहने वाले हिंदी भाषी हिंदू लोगों को बंगाल के वास्तविक निवासियों की सूची से बाहर करना है - विशेष रूप से बड़ाबाजार, बर्दवान-आसनसोल बेल्ट, बैरकपुर औद्योगिक बेल्ट, भद्रेश्वर-लिलुआ बेल्ट और हावड़ा बेल्ट जैसे क्षेत्रों में - क्योंकि वह आगामी चुनाव में अपनी पार्टी की सीट हार से अवगत हैं। भाजपा विधायक ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस विभाजन के दौरान और उसके बाद भारत में आकर बसे पिछड़ी जाति के हिंदुओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि वे इन वास्तविक नागरिकों को उनके वोट के अधिकार से वंचित करने के लिए निर्वाचन आयोग पर भी दबाव डाल रहे हैं, लेकिन हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि यदि एक भी वास्तविक मतदाता का नाम सूची से हटा तो भाजपा कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने भाजपा को मुरलीधर लेन स्थित इसके प्रदेश कार्यालय से एस्प्लेनेड में डोरीना क्रॉसिंग तक रैली निकालने की अनुमति देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद दिया। भाजपा नेता ने कहा कि उच्च न्यायालय ने बंगाल में लोकतंत्र स्थापित करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि हम हर आदेश का अक्षरशः पालन करना चाहते हैं। रैली में लगभग 1,000 भाजपा समर्थकों ने भाग लिया, जिनका नेतृत्व शुभेन्दु अधिकारी, भाजपा युवा मोर्चा के नेता इंद्रनील खान, भाजपा नेता शिशिर बाजोरिया और अन्य ने किया।

## रामनवमी के दिन बंगाल में डेढ़ करोड़ हिंदू रैलियों में शामिल होंगे : शुभेन्दु अधिकारी

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेन्दु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि छह अप्रैल को राज्य भर में आयोजित होने वाली रामनवमी रैलियों में करीब डेढ़ करोड़ हिंदू भाग लेंगे। भाजपा कार्यालय के बाहर भाजपा युवा मोर्चा की रैली में शुभेन्दु अधिकारी ने हिंदुओं से आग्रह किया कि वे अपने घरों से बाहर निकलें और शोभायात्राओं में शामिल होकर 'जय श्रीराम' के नारे को बुलंद करें। उन्होंने कहा कि रामनवमी के पवित्र दिन कम से कम डेढ़ करोड़ हिंदू सड़कों पर उतरेंगे। कृपया घर पर बेकार न बैठें। अपनी ताकत दिखाएं। दिखाएं कि हिंदू एकजुट हैं। यह स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामकृष्ण और मां शारदा की धरती है। हम शांतिपूर्वक रामनवमी मनाएंगे। रामनवमी रैलियों का विरोध करने पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि माकपा को हिंदू हितों और पहचान की रक्षा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है; वे जमीनी हकीकत से अलग-थलग हैं। उन्होंने रामनवमी समारोह का विरोध करते हुए फलस्तीन के मुद्दे पर रैली आयोजित करने के लिए माकपा की आलोचना की। अधिकारी ने कहा कि पिछले चुनावों में शून्य सीट हासिल करने वाली माकपा जल्द ही बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य से गायब हो जाएगी।

❑ **भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री पर किया पलटवार**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा भाजपा को 'भारतीय जुमला पार्टी' कहे जाने की निंदा करते हुए अधिकारी ने कहा कि उन्होंने न केवल बंगाल से विधानसभा और संसद में निर्वाचित भाजपा प्रतिनिधियों का अपमान किया है, बल्कि पिछले आम चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले 2.33 करोड़ मतदाताओं का भी अपमान किया है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-18बी-24, दिनांक 28.03.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-18बी-24 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में बर्द्धमान स्टेशन पर पीएफ 06 एवं 07 की एक्सटेंशन लंबाई, न्यू कोचिंग 2, 3, 4 और अन्य सहायक कार्यों के संबंध में 25 केवी ओएचई रूपांतरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 6,42,06,513/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु. 4,71,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-02/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे.बी.पी.-71-2025 दिनांक 27/03/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** यातायात अवरोध की आवश्यकता के बिना बार्कहाउज़ेन शोर सिद्धांत पर आधारित गैर-विनाशकारी रूप से एलडब्ल्यूआर/सीडब्ल्यूआर के तनाव मुक्त तापमान के मापन/निर्धारण के लिए उपकरण/प्रणाली का विनिर्माण, आपूर्ति और क्षेत्र परीक्षण।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 1,05,84,600/-, **बयाना राशि रूपयेः** 202900/-, **समापन अवधिः** 10 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 22/04/2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तकः** 22/04/2024। उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : ईएनजीजी/ स्टॉर्मवाटर/24-25/ एलएलएचआर-3, दिनांक 02.04.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी स्टॉर्मवाटर24-25 एलएलएचआर-3** एवं कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में बाढ़ रोकने के लिए अंडरग्राउंड स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम (फेज-I) के संबंध में लिलुआ वर्कशॉप के ड्रेनेज सिस्टम की उन्नति के शेष कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,80,00,003.25, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **बयाना राशिः** रु. 2,40,000/-, **समापन अवधिः** 270 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 24.04.2025 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** पर शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव को ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-04/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022** **दिनांक 28.03.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 03 वर्ष के लिए **हिंदमोटर स्टेशन** पर सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन और रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-ऑक्शन रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 ऑफ 2022 एवं कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-आर-25-आर, लॉट सं./कैटेगरीः** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एचएमजेड-टीओआई-29-25-1, **स्टेशन :** हिंदमोटर (एचएमजेड)। **नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 11.04.2025 को 13.30 बजे।

HWH-03/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# मुकुंदपुर में वृद्ध दंपति की रहस्यमयी मौत, बेटे-बहु की तलाश में जुटी पुलिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व जादवपुर थाना इलाके के मुकुंदपुर में स्थित इमारत के कमरे से मंगलवार को पुलिस ने एक वृद्ध दंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, लेकिन कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मृतकों की बेटी ने अपने भाई और भाभी पर हत्या का आरोप लगाया है, जिससे मामला और उलझ गया है। दंपति की पहचान दुलाल पाल (65) और रेखा पाल (58) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दुलाल का शव घर के डाइनिंग रूम में फंदे से लटका मिला, जबकि उनकी पत्नी रेखा का शव बेडरूम में झूलता पाया गया। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। परिवार की विवाहित बेटी ने जब अपने माता-पिता को फोन किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने पड़ोसियों से घर जाकर देखने को कहा। तभी, यह चौंकाने वाली घटना सामने आई। दंपति अपनी बहू और बेटे के साथ ही मुकुंदपुर के इस घर में रहते थे। बेटी का आरोप है कि उसके माता-पिता की हत्या उसके भाई सौरव पाल और उसकी पत्नी कल्याणी मंडल ने की है। सौरव पेशे से एक फिजियोथेरेपिस्ट है, जबकि उसकी पत्नी एक निजी कंपनी में काम करती है। बेटी का दावा है कि मंगलवार की रात भी उसके माता-पिता के साथ मारपीट की गई थी और पड़ोसियों ने घर से झगड़े की आवाजें सुनी थीं। मामले की जांच कर रही पुलिस के सामने कई सवाल हैं। अगर यह आत्महत्या थी, तो शव अलग-अलग कमरों में क्यों मिले? क्या पहले किसी एक की हत्या कर बाद में इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई? सुसाइड नोट किसने लिखा? इन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घटना के बाद से बेटा और बहू लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या थी या सुनियोजित हत्या।

## बंगाल के आठ और जिलों में बदले गए भाजपा अध्यक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने आठ और संगठनात्मक जिलों के नए अध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। बंगाल भाजपा ने अलीपुरद्वार, बहरमपुर, डायमंड हार्बर, हावड़ा ग्रामीण, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बोलपुर और बीरभूम संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। मेदिनीपुर सहित कई जिलों में नए चेहरे लाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, आठ नए चेहरों में से अधिकांश संघ से जुड़े रहे हैं। गौरतलब है कि नए अध्यक्षों की सूची में संगठन के कई पुराने नेता भी शामिल हैं। शेष 10 जिलों के अध्यक्षों के नामों की घोषणा भी जल्द ही कर दी जाएगी। इससे पहले, 25 संगठनात्मक जिलों में से 17 में नए अध्यक्ष के नामों की घोषणा हुई थी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के नाम की भी घोषणा की जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**ई निविदा सं.: एसजीडब्ल्यू-एसएनटी-प्रोजेक्ट-फैट-टेस्टिंग, दिनांकः 01.04.2025,** उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/कार्य/हावड़ा, पूर्व रेलवे, दूसरा तल, यात्री निवास बिल्डिंग, न्यू कॉम्प्लेक्स, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों जिनके पास समप्रकृति के कार्य का पर्याप्त अनुभव है एवं न्यूनतम पात्रता मानदंड की संतुष्टि करते हैं, से निर्धारित प्रारूप में 'खुली' ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** पूर्व रेलवे की प्रथा के अनुसार विशिष्ट यार्ड के लिए आईआरएसई/आईआरएसईटीईएलओ लाइसेंसधारक द्वारा देशी सॉफ्टवेयर के साथ एफएटी करते हुए किसी भी ओईएम के ईआई के लिए 02 लेवल पर एप्लीकेशन लॉजिक की जाँच एवं सत्यापन के लिए ऑटोमेटिक एफएटी टेस्टिंग एवं पेन ड्राइव के माध्यम से हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी में एफएटी रिपोर्ट जमा करना। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रु. 46,07,680/-, **कार्य की समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह। **निविदा कागजात ऑनलाइन जमा देने के लिए अंतिम तिथि और समय (बंद होना):** दिनांक 30.04.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। **वेबसाइट का पता, समय और तिथि जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 01.04.2025 से। **खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 30.04.2025 को 15.00 बजे। **बयाना राशिः** रु. 92,200/-, **वेबसाइट जहाँ निविदा बोली जमा की जा सकती हैः** 1.बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। 2. निविदाकार ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत अवश्य रहें। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, यदि आवश्यक हुए, तो केवल इस साइट पर दिए जाएंगे। 3. बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

CON-01/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत स्टेशनों में अनारक्षित टिकटें जारी करने के लिए एटीवीएम समन्वयकों की नियुक्ति**

**आवेदन सूचना सं.: सीओएम/सीएफ/एटीवीएम-एफएसी/एचडब्ल्यूएच/25 दिनांकः 03.04.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा मंडल द्वारा हावड़ा मंडल के तहत स्टेशनों में स्थापित ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों (एटीवीएम) के जरिए अनारक्षित टिकटें जारी करने के लिए समन्वयकों की नियुक्ति हेतु सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों तथ जनसाधारण से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: **(1)** सर्वप्रथम सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के जीवनसाथी/संतान से चयन किए जाएंगे। समन्वयक की नियुक्ति के लिए प्राथमिकता का क्रम निम्नलिखित हैं: (i) सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी, (ii) सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के जीवनसाथी/वयस्क संतान (एक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के लिए उनके द्वारा मनोनित सिर्फ एक व्यक्ति)। सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के जीवनसाथी/संतान के उपलब्ध नहीं रहने पर जनसाधारण से प्राप्त आवेदन पर विचार किया जाएगा। **(2)** यदि आवश्यकता के तहत अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, **तो लॉटों के ड्रा के माध्यम से चयन किया जाएगा। (3)** एटीवीएम समन्वयक का कार्यकाल दिनांक 31.03.2026 तक होगा, जिसे रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देश के अनुसार वार्षिक आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। **(4)** रेलवे द्वारा किसी भी तरह के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाएगा। लागू नियमों के अनुसार समन्वयक बिक्री की गई टिकटों के मूल्य पर 3% कमिशन पाने के पात्र होंगे। **(5) आवेदक सिर्फ एक स्टेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं।** एकाधिक आवेदनों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **(6)** समन्वयक के रूप में अगर जनसाधारण की नियुक्ति की जाती है, तो उन्हें कार्य आरम्भ करने से पहले वापसयोग्य सुरक्षा राशि के रूप में एनएसजी-1 एवं एनएसजी-2 के लिए रु. 50,000/- तथा अन्य स्टेशनों के लिए रु. 25,000/- की रकम जमा करनी होगी। **(7)** एटीवीएम समन्वयक की नियुक्ति रेलवे के अंदर किसी भी तरह की नौकरी का अधिकार प्रदान नहीं करता है। नियुक्ति सम्पूर्ण रूप से अनुबंध पर आधारित है एवं समन्वयक रेलवे की नौकरी में शामिल होने, रोजगार का नियमितीकरण, बोनस अथवा रेलवे पास की सुविधा इत्यादि जैसे लाभ पाने के हकदार नहीं होंगे। **(8)** नियुक्ति की साधारण शर्तें, प्रत्येक स्टेशन में नियुक्त किए जाने वाले समन्वयकों की संख्या, आवेदन प्रपत्र, पात्रता के मानदंड, कार्यकाल, चयन की प्रक्रिया तथा कार्यप्रणाली इत्यादि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध होंगे तथा उसे वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** के 'Tender' टैब से डाउनलोड किया जा सकता है तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा (चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, न्यू कॉम्प्लेक्स, हावड़ा रेलवे स्टेशन) से प्राप्त किया जा सकता है। **(9)** मुहरबंद लिफाफे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे (चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, न्यू कॉम्प्लेक्स, हावड़ा-711101) में इस उद्देश्य के लिए रखी गई पेटी में डाले जाने चाहिए। **डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (10) महत्वपूर्ण तिथियांः** वेबसाइट पर आवेदन प्रपत्र का प्रकाशन तथा डाउनलोड शुरू होने की तारीख 03.04.2025 से है। सीनि. डीसीएम/हावड़ा के कार्यालय से आवेदन प्रपत्र की उपलब्धता एवं आवेदन प्रपत्र जमा की तारीख 03.04.2025 से है। आवेदन प्रपत्र जमा करने की **अंतिम तारीख एवं समय 24.04.2025 को अपराह्न 1.00 बजे** है। आवेदन प्रपत्र दिनांक 24.04.2025 को अपराह्न 2.00 बजे खोले जाएंगे।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

# ममता बनर्जी के महिला कार्ड को कमजोर करने के लिए भाजपा बंगाल की कमान सौंप सकती है किसी महिला को

✒ **पश्चिम बंगाल में प्रदेश अध्यक्ष को लेकर सरगर्मी अब तेज**

✒ **लॉकेट चटर्जी या अग्निमित्रा पॉल, किसे मिलेगा कमान**

✒ **रामनवमी के आसपास भाजपा अध्यक्ष का ऐलान संभव**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार विधानसभा चुनावों के बाद अगले साल की शुरुआत में पश्चिम बंगाल में चुनावी दंगल होगा। ऐसे में भाजपा राज्य की कमान किसे सौंपेगी? इस पर सभी की नजरें लगी हुई हैं। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी अभी सुकांत मजूमदार के पास है। वह 2021 में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बने थे। सुकांत अभी केंद्र सरकार में मंत्री हैं। सुकांत से पहले पश्चिम बंगाल में पार्टी की कमान दिलीप घोष के पास थी। सूत्रों की मानें तो संसद का बजट सत्र खत्म होते ही पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी के लिए दो महिलाएं दौड़ में हैं। पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और बंगाल विधायक अग्निमित्रा पॉल का नाम इस पद के लिए सबसे आगे माना जा रहा है। दोनों महिला नेता अपने तेजतर्रार अंदाज के लिए जानी जाती हैं। सूत्रों की माने तो पार्टी वर्तमान प्रमुख सुकांत मजूमदार की जगह दो प्रमुख महिला नेताओं पर विचार कर रही है। चर्चा यह भी है कि भाजपा दीदी (ममता) के महिला कार्ड को कमजोर करने के लिए इस बार महिला को प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी दे सकती है।

❑ **दोनों महिलाओं ने दिखाया है जूझारूपन**

पूर्व अभिनेत्री और शास्त्रीय नृत्यांगना लॉकेट चटर्जी 2015 में भाजपा में शामिल हुई थीं। उन्होंने 2017 में भाजपा की महिला विंग की अध्यक्ष के रूप में रूपा गांगुली की जगह ली थी। इसके बाद, वह 2019 के लोकसभा चुनावों में हुगली से जीती थीं। 2019 में, पार्टी में शामिल होने वाली पूर्व फैशन डिजाइनर अग्निमित्रा पॉल ने तृणमूल की सायोनी घोष को हराकर चर्चा में आई थी। 2021 के विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। इसके बाद, वे लगातार सक्रिय हैं। आरजीकर मामले में पॉल ने काफी मजबूती और आक्रामक तरीके से मुद्दा उठाया था। ऐसी भी संभावना जताई जा रही है कि अगर पार्टी इन दोनों को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी नहीं देती है तो संघ की पृष्ठभूमि रखने वाले नेता को यह जिम्मेदारी मिल सकती है। रामनवमी तक प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान होने की संभावना है।

❑ **पुराने चेहरों पर भी नजर**

इन दो महिला नेताओं के अलावा मौजूदा भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी से लेकर पूर्व राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष तक का नाम है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि चटर्जी या फिर पॉल में किसी एक को जिम्मेदारी मिल सकती है। दोनों महिला नेता चुनावी अभियान को मजबूती से लीड कर सकती है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## कुलतली में नाबालिग बेटी से लगातार दुष्कर्म के आरोप में सौतेला पिता गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नाबालिग बेटी से लगातार दुष्कर्म और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सौतेले पिता को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना दक्षिण 24 परगना के कुलतली में घटी। आरोपी का नाम शंभू दास है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। पता चला है कि नाबालिग दक्षिण 24 परगना के कुलतली थाना अंतर्गत कैलाशनगर की निवासी है। उसके पिता की मौत लगभग चार वर्ष पहले हो गयी थी। फिर, नाबालिग की मां ने कैलाशनगर निवासी शंभू दास से शादी कर ली। तब से पीड़िता अपनी मां के साथ दास गृह में रह रही है। कलयुगी पिता ने इस अवसर का लाभ उठाया। कथित तौर पर शंभू ने अपनी सौतेली बेटी के साथ दिन-प्रतिदिन दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने डर के कारण स्वाभाविक रूप से किसी को कुछ नहीं बताया। सूत्रों के अनुसार, नाबालिग की मां को मंगलवार को संदेह हुआ। जब उसने पीड़िता को पकड़ लिया तो वह फूट-फूट कर रोने लगी। उसने पूरी कहानी बता दी। इसके तुरंत बाद पत्नी अपनी बेटी के साथ पुलिस स्टेशन पहुंची। पुलिस शंभू को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पोक्सो धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पाथरप्रतिमा में विस्फोट के बाद एक्शन में पुलिस, अलग-अलग स्थानों से तीन गिरफ्तार

❑ **तीन जगहों से भारी मात्रा में अवैध पटाखा एवं मसाले व उपकरण बरामद**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा के ढोलाहाट थाना इलाके में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद जिला पुलिस और प्रशासन पूरे जिले में तलाशी अभियान चला रहे है। विभिन्न इलाकों में पटाखा फैक्ट्रियों पर छापेमारी की जा रही है। इसी तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही, अवैध पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाले मसाले भी भारी मात्रा में बरामद किए गए हैं। बताया गया है कि डायमंड हार्बर पुलिस ने जिले के नोदाखाली थाने के मोहनपुर गांव के दासपाड़ा और प्रमाणिकपाड़ा में छापेमारी की। सौम्यदीप दास नामक व्यक्ति को नोदाखाली के दासपाड़ा से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 46 किलो पटाखा बनाने के मसाले और उपकरण बरामद किए गए। बजबज थाना अंतर्गत चिंगरीपोता इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया गया। वहां से लगभग 40 किलो पटाखे बरामद किये गये। यहां से भी गिरफ्तारी हुई है। इसके अलावा, महेशतला थाना अंतर्गत पुटखाली बलरामपुर में भी छापेमारी की गई। वहां से 62 किलो पटाखे भी बरामद किए गए। इस घटना में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किये गये हैं। गिरफ्तार लोगों को बुधवार को अलीपुर अदालत में पेश किया गया। डायमंड हार्बर जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में ये सभी पटाखा उद्योग स्थित हैं, वहां इस तरह की छापेमारी लगातार जारी रहेगी।

## पाथरप्रतिमा विस्फोट मामले में गिरफ्तार फैक्ट्री मालिक को सात दिन की पुलिस हिरासत



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा इलाके में हुए भयावह पटाखा विस्फोट मामले में पुलिस ने पटाखा फैक्ट्री मालिक चंद्रकांत बनिक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वैसे स्थानीय लोगों की माने तो बनिक को पुलिस ने मंगलवार को ही दबोच लिया था। फैक्ट्री मालिक चंद्रकांत बनिक को काकद्वीप कोर्ट में बुधवार को पेश करने पर कोर्ट ने उसे सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में रखने का निर्देश दिया है। बता दे कि इस दिन, जैसे ही आरोपी को पुलिस वैन से बाहर निकाला ताकि काकद्वीप अदालत में पेश किया जा सके, मीडिया कर्मियों ने उससे एक के बाद एक सवाल पूछना शुरू कर दिया।सवाल पूछे गए कि क्या आपके पास लाइसेंस था? आपने घर पर पटाखे क्यों जमा कर रखा था? लेकिन ढोलाहाट पटाखा कारखाने में विस्फोट की घटना में गिरफ्तार चंद्रकांत बानिक सवालों का कोई जवाब नहीं दे सका। उसके आंखों में आंसू सूख रहे थे और मुंह से लगातार अजीब सी बुदबुदाहट की आवाज़ आ रही थी। चंद्रकांत के कथित तौर पर इस तरह का व्यवहार पर वहां मौजूद लोगों का मानना है कि चंद्रकांता बनिक मानसिक आघात में है। कारण उसका पूरा परिवार एक झटके में उजड़ गया है। भाई तुषार बनिक अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# आईपीएल टी-20 क्रिकेट प्रेमियों के लिए स्पेशल मिडनाइट मेट्रो सेवा

**कोलकाता :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) और एम/एस गेम प्लान स्पोर्ट्स प्रा. लि. (कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से) के अनुरोध पर मेट्रो रेलवे ने 03 अप्रैल 2025 (गुरुवार) को ईडन गार्डेन्स में खेले जाने वाले आईपीएल टी-20 मैच के बाद ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन-2 पर स्पेशल मेट्रो सेवा चलाने की घोषणा की है। यह सेवा कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों के क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए उपलब्ध होगी।



■ **टिकट बुकिंग की जानकारी:**
❑ बुकिंग काउंटर ओल्ड एस्प्लेनेड और न्यू एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशनों पर खुले रहेंगे।
❑ स्मार्ट कार्ड, टोकन और पेपर आधारित क्यूआर टिकट की बिक्री यहीं की जाएगी।
❑ इन विशेष मेट्रो सेवाओं के लिए सामान्य किराए के अतिरिक्त 10/- का अधिभार लिया जाएगा।

■ **स्पेशल मेट्रो ट्रेन शेड्यूल**
❍ **ब्लू लाइन:**
❑ अप दिशा (दक्षिणेश्वर की ओर)
★ ट्रेन संख्या विशेष 1 - एस्प्लेनेड से प्रस्थान: 00:00 बजे। दक्षिणेश्वर आगमन: 00:33 बजे
★ यह ट्रेन सभी स्टेशनों पर रुकेगी।
❑ डाउन दिशा (कवि सुभाष की ओर)
★ ट्रेन संख्या विशेष 2 - एस्प्लेनेड से प्रस्थान: 00:00 बजे। कवि सुभाष आगमन: 00:33 बजे
★ यह ट्रेन सभी स्टेशनों पर रुकेगी।
❍ **ग्रीन लाइन-2:**
❑ हावड़ा मैदान की ओर
★ ट्रेन संख्या विशेष 1 - एस्प्लेनेड से प्रस्थान: 00:00 बजे। हावड़ा मैदान आगमन: 00:08 बजे

इस विशेष मेट्रो सेवा के तहत यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

# जादवपुर विश्वविद्यालय के बर्खास्त कुलपति भास्कर गुप्ता ने निष्कासन को बताया 'गैरकानूनी'

### किया दावा... 'दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर हटाया गया, अशांति सिर्फ बहाना'

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के पूर्व अंतरिम कुलपति भास्कर गुप्ता ने बुधवार को कहा कि राजभवन के पास उन्हें विश्वविद्यालय से हटाने का आदेश देने के लिए नैतिक और कानूनी दोनों तरह के अधिकार नहीं हैं। बता दें कि भास्कर गुप्ता को राज्यपाल बोस ने सेवानिवृत्त होने से ठीक चार दिन पहले पद से हटा दिया था। पश्चिम बंगाल राज्य विश्वविद्यालय (कुलपति की सेवा की शर्तें और नियम तथा आधिकारिक संचार का तरीका और प्रक्रिया) नियम, 2019 का हवाला देते हुए गुप्ता ने कहा कि कानून के अनुसार कुलपति से संवाद करने के लिए कुलपति को शिक्षा विभाग के माध्यम से पत्र लिखना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि मैं सीधे तौर पर उन्हें जवाब नहीं दे सकता था। उन्होंने कहा कि निष्कासन के फैसले में नैतिक और कानूनी दोनों तरह के अधिकार नहीं थे। बता दें कि राजभवन द्वारा उनके निष्कासन के पीछे एक कारण पिछले दिसंबर में परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह था। कुलाधिपति कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा था कि कुलपति ने प्राधिकरण (कुलाधिपति कार्यालय) की अनुमति के बिना दीक्षांत समारोह आयोजित किया और इसे अवैध माना क्योंकि इसमें कई नियमों का उल्लंघन किया गया। इस पर, गुप्ता ने बताया कि दीक्षांत समारोह का आयोजन सभी मानदंडों का पालन करते हुए, छात्रों के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए और विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इसके लिए राज्य के बजट में आवश्यक मंजूरी दी गई थी और खर्च पूरी तरह से सरकारी मंजूरी के आधार पर किए गए थे। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया और मुझे इसके लिए जरा भी खेद नहीं है। गुप्ता ने कहा कि उन बैठकों में कुलाधिपति के नामित व्यक्ति ने भाग लिया था और उन्होंने उस समय निर्णयों के बारे में कोई आपत्ति नहीं जताई थी। केवल वे (बोस) ही समारोह के प्रति इस आक्रोश को स्पष्ट कर सकते हैं। आरोपों को कमजोर बहाने बताते हुए गुप्ता ने कहा कि चांसलर कार्यालय की आपत्ति के बावजूद दीक्षांत समारोह आयोजित करने के लिए उन्हें निशाना बनाया गया। गुप्ता ने पूछा कि अगर मैं तर्क के लिए यह स्वीकार भी कर लूं कि 1 मार्च की दोपहर को मैं अपने कर्तव्य का निर्वहन करने में विफल रहा, तो यह मेरे 11 महीने के कार्यकाल में प्रशासनिक विफलता का पहला मामला होगा। गुप्ता ने कहा कि चूंकि कुलाधिपति कार्यालय ने उन्हें दीक्षांत समारोह के खर्चों का भुगतान करने के लिए दंडित किया था, इसलिए उन्हें छात्रों और शिक्षकों से समर्थन मिला है। गुप्ता ने कहा कि मुझे हर दिन एकजुटता के संदेश मिलते हैं। छात्रों ने राजभवन द्वारा मांगे गए प्रतिपूर्ति के लिए धन जुटाने के लिए दान के माध्यम से धन जुटाने की पेशकश की है। जाहिर है, मैंने उनसे ऐसा कुछ न करने की अपील की है।

# कोलकाता मेट्रो राइड ऐप में नए यात्री अनुकूल फीचर्स जोड़े गए

**कोलकाता :** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोलकाता मेट्रो रेलवे ने मेट्रो राइड कोलकाता ऐप में कुछ नए और उपयोगी फीचर्स जोड़ने का फैसला किया है। 03 अप्रैल 2025 से यात्री इस ऐप के माध्यम से एक ही क्यूआर कोड टिकट पर चार लोगों तक का सफर बुक कर सकेंगे। अब, एक बार की खरीद में अधिकतम चार यात्री एक ही क्यूआर कोड टिकट का उपयोग कर मेट्रो की यात्रा कर सकते हैं। यह क्यूआर कोड प्रवेश और निकास द्वार पर चार बार स्कैन किया जा सकेगा, जिससे यात्रियों को बार-बार टिकट लेने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। इस



सुविधा के तहत, जिस यात्री के पास क्यूआर कोड टिकट होगा, उसे अपने साथियों को पहले गेट से प्रवेश और निकास करने देना होगा।

इसके अलावा, मेट्रो राइड कोलकाता ऐप में लॉगिन प्रक्रिया को और आसान बनाया गया है। अब नए उपयोगकर्ता जटिल पासवर्ड डालने की बजाय चार अंकों का पिन सेट कर सकेंगे। पुराने उपयोगकर्ता भी अपना पासवर्ड रीसेट कर इस पिन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

ये नए फीचर्स 03 अप्रैल से चरणबद्ध तरीके से सभी ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। कोलकाता मेट्रो रेलवे ने सभी यात्रियों से मेट्रो राइड कोलकाता ऐप का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के यात्रा कर सकें और टिकट काउंटर पर लगने वाली लंबी कतारों से बच सकें।

# पूर्व रेलवे ने 2024-25 में भारतीय रेलवे के कुल माल लदान में 52% हिस्सेदारी प्राप्त की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार किया। जबकि पूर्व रेलवे मुख्य रूप से यात्री ढुलाई के लिए प्रसिद्ध है, इस बार उसने माल ढुलाई के कठिन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया और 100.87 मिलियन टन माल का परिवहन किया। यह आंकड़ा पिछले वर्ष (2023-24) के 86.88 मिलियन टन से 16.1% अधिक है। वर्तमान वर्ष में भारतीय रेलवे में पूर्व रेलवे ने कुल वृद्धिशील माल लदान का 52% हिस्सा लिया, जिससे यह भारतीय रेलवे के माल परिवहन क्षेत्र में अग्रणी बन गया है। इस सफलता का श्रेय पूर्व रेलवे टीम की निरंतर मेहनत, प्रतिबद्धता और नई पहलों को जाता है। माल यातायात की नई श्रेणियों की पहचान, माल टर्मिनलों का आधुनिकीकरण और नए माल शेड्स की शुरुआत जैसी पहलों ने इस वृद्धि में अहम भूमिका निभाई है। पूर्व रेलवे की माल ढुलाई से होने वाली आय में भी शानदार वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसकी आय 9273.74 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष (2023-24) के 7635.06 करोड़ रुपये से 21.5% अधिक है।

# पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्क्रैप बिक्री लक्ष्य को किया पार

### 537 करोड़ रुपये की आय की अर्जित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने स्क्रैप बिक्री लक्ष्य को पार करते हुए 537 करोड़ की आय अर्जित की। रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 480 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले, यह 9.82% की वृद्धि को दर्शाता है। इस सफलता का श्रेय स्क्रैप निस्तारण की प्रभावी प्रक्रिया और ई-ऑक्शन की पारदर्शिता को दिया जा रहा है। पूर्व रेलवे के चार डिवीजनों- हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह के साथ-साथ बेलूर, हालिशहर और जमालपुर में आयोजित कई ई-ऑक्शन्स के माध्यम से यह आय



प्राप्त हुई। इसमें 3.86 लाख पीएससी स्लीपर्स, 1,032 स्क्रैप वैगन, 70 पुराने लोकमोटिव और 277 आईसीएफ और ईएमयू कोच बेचे गए। इसके अलावा, 30,424 मीट्रिक टन रेल और 62,544 मीट्रिक टन कार्यशाला से उत्पन्न स्क्रैप की निस्तारण ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।यह पहली बार है जब पूर्व रेलवे ने 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। भारतीय रेलवे के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम का उपयोग करके, पूर्व रेलवे ने अपने स्क्रैप बिक्री में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की है।

## 12वीं कक्षा के अंग्रेजी का परिवर्तित पाठ्यक्रम डाउनलोड करके पढ़ना होगा : परिषद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 12 के अंग्रेजी पाठ्यक्रम में हुए मामूली बदलावों के लिए एक व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया है। 12वीं के छात्रों को नई अंग्रेजी पाठ्यपुस्तकें नहीं दी जाएंगी और उन्हें 11वीं कक्षा की पुस्तकों का ही उपयोग करना होगा। परिषद ने घोषणा की है कि परिवर्तित पाठ्यक्रम की सामग्री उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। छात्र इसे वहां से डाउनलोड कर सकते हैं और अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य के अनुसार, यह परिवर्तित पाठ्यसामग्री, जिसमें दो नई कहानियां और एक नाटक शामिल हैं, ऑनलाइन अपलोड की जाएगी, जिससे छात्रों को इसे प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# श्री माथुरवैश्य जनहित परिषद के सामाजिक सेवा कार्य



**कोलकाता :** श्री माथुरवैश्य जनहित परिषद, कोलकाता के कार्यकर्ता सामाजिक सेवा कार्यों के लिये तत्पर रहते हैं। वर्ष 2025-28 के त्रिवार्षिक निर्वाचन में महेंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष), सुरेश कौशल (उपाध्यक्ष), राजीव गुप्ता (सचिव), राकेश गुप्ता (उप - सचिव) सुरेश गुप्ता (सह - सचिव) अनुपम लाल गुप्ता (कोषाध्यक्ष), अशोक गुप्ता (हिसाब-परीक्षक) सहित 32 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों सहित पदेन और मनोनीत कार्यकर्ताओं को भी सभी सदस्यों ने बधाई दी। अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता एवम् सचिव राजीव गुप्ता ने बताया परिषद भवन स्थित क्लीनिक में नेत्र परीक्षण, होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप, प्रतिभा सम्मान, नेत्र ऑपरेशन, होली प्रीति मिलन, खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**कोलकाता :** गर्मियों की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) ने विशेष समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार चलेंगी:

■ **02877/02878 रांची-नई दिल्ली-रांची स्पेशल:**
❑ 02877 रांची-नई दिल्ली स्पेशल हर शुक्रवार को 04.04.2025 से 27.06.2025 तक रात 23:55 बजे रांची से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 03:00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।
❑ 02878 नई दिल्ली-रांची स्पेशल हर रविवार को 06.04.2025 से 29.06.2025 तक सुबह 04:00 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 05:00 बजे रांची पहुंचेगी।
❑ यह विशेष ट्रेन मुरी स्टेशन पर रुकेगी।

■ **08611/08612 सांतरागाछी-अजमेर-सांतरागाछी स्पेशल:**
❑ 08611 सांतरागाछी-अजमेर स्पेशल हर सोमवार को 07.04.2025 से 21.04.2025 तक शाम 19:55 बजे सांतरागाछी से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन दोपहर 15:00 बजे अजमेर पहुंचेगी।
❑ 08612 अजमेर-सांतरागाछी स्पेशल हर गुरुवार को 10.04.2025 से 24.04.2025 तक रात 23:40 बजे अजमेर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन दोपहर 14:30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।
❑ इस ट्रेन का खड़गपुर, टाटानगर, चांडिल, मुरी, रांची और लोहरदगा स्टेशनों पर ठहराव होगा।

■ **02841/02842 शालिमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-शालिमार स्पेशल:**
❑ 02841 शालिमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्पेशल हर सोमवार को 07.04.2025 से 21.04.2025 तक शाम 18:30 बजे शालिमार से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 23:30 बजे चेन्नई सेंट्रल पहुंचेगी।
❑ 02842 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-शालिमार स्पेशल हर बुधवार को 09.04.2025 से 23.04.2025 तक सुबह 04:30 बजे चेन्नई सेंट्रल से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 11:20 बजे शालिमार पहुंचेगी।
❑ इस ट्रेन का सांतरागाछी, खड़गपुर और बालेश्वर स्टेशनों पर ठहराव होगा।

यात्रीगण इन विशेष ट्रेनों का लाभ उठाकर अपनी गर्मियों की यात्रा को सुगम बना सकते हैं।

## बारासात स्टेशन पर चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा स्टेशनों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाता है। बुधवार को भी बारासात स्टेशन पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यह आयोजन सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग ने रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से किया। इस कार्यक्रम के दौरान, यात्रियों, विक्रेताओं और रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता, कचरा निस्तारण और रेलवे परिसर में थूकने पर प्रतिबंध के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें रेलवे ट्रैक या स्टेशन क्षेत्र में कचरा फेंकने से बचने की सलाह दी गई। वहीं, 'गुलाब अभियान' के तहत विक्रेताओं और ठेले वालों को गुलाब का फूल भेंट किया गया, ताकि उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के महत्व का प्रतीकात्मक स्मरण कराया जा सके। रेलवे कर्मचारियों ने यात्री क्षेत्रों और दुकानों का निरीक्षण किया और स्वच्छता मानकों का पालन करने वाले व्यक्तियों को गुलाब के फूल दिए। इस कोशिश का उद्देश्य कचरा ठीक से फेंकने की आदत को बढ़ावा देना है।

# दमदम में आयोजित हुआ 'मैत्री नाट्य उत्सव', पांच नाटकों ने दी शानदार प्रस्तुति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के दमदम क्षेत्र का प्रमुख नाट्य समूह 'शिल्पांजन सोसाइटी' ने पिछले दस वर्षों से नाट्य क्षेत्र में निरंतर योगदान दिया है। इस दौरान समूह ने अपने नियमित नाट्य अभ्यास को आगे बढ़ाया और कला की संस्कृति को सशक्त किया। इस बार, 30 मार्च को अजितेश मंच पर चौथे वर्ष के पांचवे चरण का 'मैत्री नाट्य उत्सव' आयोजित किया गया, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि, आगरपाड़ा कालपुरुष नाट्य दल के निर्देशक राजा गुहा ने दीप प्रज्वलन किया, जबकि शिल्पांजन के सहायक अध्यक्ष अशोक कुमार दास और सचिव अजय कुमार गाइन भी उपस्थित थे। इस उत्सव में पांच नाट्य समूहों द्वारा पांच नाटकों का मंचन किया गया, जिसमें 'भूमिकन्या',



'कुसुमकथा', 'अविश्वसनीय', 'आकरीक' और 'गंधजाले' प्रमुख थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ सभी नाट्य दलों को सम्मानित किया गया और उनके साथ 'रक्षाबंधन' की परंपरा निभाते हुए मैत्री का बंधन मजबूत किया गया। इस उत्सव का समापन सामूहिक संगीत प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें सभी कलाकार और दर्शक शामिल हुए। इस कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वालों में शुभम मिस्त्री, समरेंद्र भौमिक, कृष्णा गाइन, विश्वजीत पाल, अंगना गाइन समेत अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, दक्षिण दमदम नगर निगम के सांस्कृतिक विभाग को वित्तीय सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मुर्शिदाबाद में सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमशेरगंज थाना इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गत मंगलवार की रात करीब 8 बजे न्यू डाक बंगला-जामिया काटान इलाके में यह हादसा तब हुआ, जब मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक कंटेनर ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग को गंभीर हालत में नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जंगीपुर पुलिस जिला अधीक्षक आनंद रॉय के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला कि कंटेनर ने टक्कर मारने के बाद मालदह की ओर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने इसे जब्त कर लिया। मृतकों में से एक की पहचान एजाज शेख के रूप में हुई है, जो उत्तर महादेवनगर इलाके का रहने वाला था। बाकी मृतकों के शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और पुलिस को शव हटाने से रोक दिया। लोगों का आरोप है कि इस इलाके में पुलिस और सिविक वॉलेंटियर अक्सर वाहनों से अवैध वसूली करते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। उनका कहना है कि कंटेनर चालक के भागने की कोशिश में यह हादसा हुआ। रात 9 बजे तक राजमार्ग अवरुद्ध रहा, जिससे दोनों ओर यातायात जाम हो गया। जंगीपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत करने की कोशिश की और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बातचीत की।

# सोनारपुर और चंपाहाटी के बीच रेलवे ट्रैक पर बाइक छोड़ने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेलवे ट्रैक पर बाइक, टोटो, ऑटो या किसी अन्य वाहन से अवैध रूप से घुसने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। हाल ही में एक ऐसे ही घटना में बाइक सवार को सोनारपुर-चंपाहाटी सेक्शन में रेलवे ट्रैक पार करते हुए पकड़ा गया है। कुछ दिन पहले, सोनारपुर और चंपाहाटी के बीच रेलवे ट्रैक पर एक बाइक सवार अपनी बाइक ट्रेन के सामने खड़ी कर दी और फरार हो गया, जिससे ट्रेन और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



आरोपी की पहचान सुदीप्त मिस्त्री (23) के रूप में हुई है, जो सोनारपुर के पूर्व मल्ली पुकुरिया इलाके का निवासी हैं। आरोपी को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। यह घटना रेलवे अधिकारियों द्वारा यात्री सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे के रूप में मानी गई है। सियालदह के डीआरएम दीपक निगम ने भी जनता से सुरक्षा के लिए रेलवे नियमों का पालन करने की अपील की है।

# रामनवमी शोभा यात्रा पर हावड़ा पुलिस की कड़ी सुरक्षा

## पेट्रोलिंग और ड्रोन से रखी जा रही है निगरानी

**हावड़ा, समाज्ञा :** रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर हावड़ा पुलिस ने सुरक्षा को लेकर खास इंतजाम किए हैं। शोभायात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने पेट्रोलिंग और तकनीकी निगरानी बढ़ा दी है। खासकर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में गश्त और सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। कुछ साल पहले हावड़ा के शिवपुर क्षेत्र में रामनवमी शोभायात्रा पर हुए हमले के मद्देनजर इस बार पुलिस प्रशासन ने पहले से ज्यादा सतर्कता बरतने का निर्णय लिया है। शिवपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने बाइक से रूट मार्च किया, जिसमें पुलिसकर्मी स्थानीय इलाकों और गली-मोहल्लों में गश्त करते नजर आए। साथ ही, शहर भर में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है।



हावड़ा सिटी पुलिस के डीसीपी सेंट्रल, बिश्वजीत महतो ने कहा कि इस पेट्रोलिंग का उद्देश्य स्थानीय लोगों को विश्वास दिलाना है कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जाएगा। उन्होंने बताया कि शिवपुर थाना, हावड़ा थाना और एजेसी बोस बी गार्डन थाना इलाकों में पेट्रोलिंग को खासतौर पर बढ़ाया गया है। इस दौरान चौरा बस्ती, पी.एम. बस्ती, आलोक मोड़ और काजीपाड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डीसीपी महतो ने यह भी बताया कि पहले से ही इन थाना क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और निगरानी को और सख्त करने के लिए अतिरिक्त कैमरे भी स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, सीपी के निर्देश पर ड्रोन कैमरों के जरिए ऊंची इमारतों की छतों पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय गतिविधि से बचा जा सके।

डीसीपी महतो ने नागरिकों से अपील की है कि वे रामनवमी शोभायात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और शांति बनाए रखें, ताकि शहर में कोई भी विवाद उत्पन्न न हो। पुलिस प्रशासन इस दिन को लेकर पूरी तरह से तैयार है और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।

# सरकारी परियोजनाओं की निगरानी तेज करेगी ममता सरकार, यूपीएमएस पोर्टल पर दर्ज करनी होगी पूरी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार अब सभी सरकारी परियोजनाओं की निगरानी तेज करने के लिए एक नई व्यवस्था लागू कर रही है। सरकार ने आदेश दिया है कि राज्य के हर विभाग को अपनी सभी परियोजनाओं की जानकारी 'यूनिफाइड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम' (यूपीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करनी होगी। यह प्रक्रिया मंगलवार से प्रभावी हो चुकी है। राज्य के वित्त विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर बताया कि अब तक केवल लोक निर्माण, सार्वजनिक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सिंचाई, जल संसाधन, केएमडीए और पश्चिमांचल विकास विभाग की परियोजनाओं की जानकारी इस पोर्टल पर दी जाती थी। लेकिन अब सभी विभागों को अपनी योजनाओं का पूरा विवरण नियमित रूप से अपडेट करना होगा। राज्य सरकार का मानना है कि इससे परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखना आसान होगा और कार्यों में तेजी आएगी। सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों के लिए एक विशेष ऐप की भी व्यवस्था की है, जिससे वे सीधे फील्ड से रिपोर्ट अपडेट कर सकेंगे। वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सभी सरकारी परियोजनाओं की सुचारु निगरानी सुनिश्चित करना है।

हालांकि, प्रशासन और सत्तारूढ़ दल के कई नेताओं का मानना है कि इस कदम का 2026 के विधानसभा चुनावों से भी संबंध हो सकता है। राज्य सरकार के अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का एक प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी कार्यों की गति बढ़ाना है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को ग्रामीण इलाकों में अच्छा प्रदर्शन मिला था, जबकि शहरी क्षेत्रों में झटका लगा था। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए पार्टी इस ग्रामीण समर्थन को और मजबूत करना चाहती है। हालांकि, कुछ अधिकारियों का मानना है कि यह केवल ग्रामीण इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में सरकारी परियोजनाओं को गति देने की व्यापक योजना है। सरकार को उम्मीद है कि इस नए सिस्टम से सरकारी परियोजन-ाओं की निगरानी और अमल में तेजी आएगी, जिससे जनता को समय पर लाभ मिल सकेगा।

# पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में 2 सप्ताह के भीतर कुलपति नियुक्त करने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के शेष विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त करने का निर्देश दिया है। अदालत ने राज्यपाल और विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सी. वी. आनंद बोस को यह आदेश दिया।

इस मामले की पिछली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में दिसंबर के अंत में हुई थी, जब राज्यपाल की ओर से आश्वासन दिया गया था कि जनवरी के पहले सप्ताह तक सभी विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त कर दिए जाएंगे। हालांकि, इसके लिए राज्यपाल की ओर से छह और सप्ताह का समय मांगा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने उस समय तीन सप्ताह का समय दिया था।

इससे पहले, राज्यपाल की ओर से केंद्र के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटारमणि ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि 17 विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त किए जा चुके हैं, जबकि 17 और विश्वविद्यालयों में नियुक्ति बाकी है और इसके लिए कुछ और समय दिया जाना चाहिए। वहीं, राज्य सरकार की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कुल 34 विश्वविद्यालयों में से केवल 19 में ही अब तक कुलपति नियुक्त किए गए हैं।

अब तक 19 विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति हो चुकी है, लेकिन शेष विश्वविद्यालयों में नियुक्ति जल्द करने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को दिया है।

# हाईकोर्ट में जस्टिस दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं होंगे वकील, स्थानांतरण के विरोध में फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां वकीलों के संगठनों ने संयुक्त रूप से मुख्य न्यायाधीश को सूचित किया है कि वे न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी अदालत में पेश नहीं होंगे। बता दें कि न्यायमूर्ति शर्मा को मंगलवार को दिल्ली से कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया था। 'बार एसोसिएशन', 'बार लाइब्रेरी क्लब' और 'इनकॉरपोरेटेड लॉ सोसाइटी' ने भी संयुक्त रूप से कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया कि न्यायमूर्ति शर्मा को कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा जाए, जिनका स्थानांतरण सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया था। उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा कि अगर न्यायाधीश को कोई कार्य सौंपा जाता है, तो इस बात की संभावना है कि हमारे सदस्य न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति शर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से इस न्यायालय में स्थानांतरित करने की सिफारिश पर विरोध जताने के लिए वकीलों ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की कार्यवाही में भाग नहीं लिया। न्यायाधीश को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिश पर आपत्ति जताते हुए तीनों संगठनों ने पहले प्रधान न्यायाधीश को एक संयुक्त अभ्यावेदन भेजा था। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दिए गए अपने अभ्यावेदन में वकीलों के संगठनों ने कहा कि उक्त न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह और उनकी अदालत में शामिल नहीं होने के अलावा वे विरोध के अन्य तरीकों पर काम कर रहे हैं, जिसके माध्यम से वे अन्य अदालतों को परेशान किए बिना उक्त न्यायाधीश के स्थानांतरण के प्रति अपना विरोध 'प्रभावी ढंग से व्यक्त' कर सकें। वकीलों के संगठनों ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और महाधिवक्ता से भी न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होने का आग्रह किया है।

# जसराम मीना ने सियालदह मंडल के सीनियर डीसीएम का पदभार संभाला

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2007 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आइआरटीएस) अधिकारी जसराम मीना ने पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) का पदभार संभाला है। सियालदह मंडल द्वारा बुधवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी गई। मीना को रेलवे परिचालन और प्रबंधन में व्यापक अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेलवे के विभिन्न डिवीजनों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। अपने वर्तमान कार्यभार से पहले, उन्होंने सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक (एसीएम), बीकानेर डिवीजन, मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, बीकानेर डिवीजन (2.5 वर्ष), वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, अजमेर डिवीजन (3.5 वर्ष), उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (उप सीओएम), सुरक्षा और नियम,



प्रस्तुतकर्ता अधिकारी, रेलवे दावा न्यायाधिकरण जैसे पदों पर कार्य किया है। अपने कार्यकाल के दौरान मीना ने दक्षता, ग्राहक सेवा और सुरक्षा के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने जिन डिवीजनों में काम किया है, उनके वाणिज्यिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## नैसकॉम फाउंडेशन और एचएसबीसी इंडिया मिलकर 4000 महिला उद्यमियों को देंगे डिजिटल का प्रशिक्षण

**कोलकाता :** ग्रामीण महिला उद्यमियों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में सशक्त बनाने के लिए नैसकॉम फाउंडेशन ने एचएसबीसी इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 4000 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। 'महिला उद्यमियों को कौशल प्रदान करना और डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ाना' नामक इस कार्यक्रम में महिलाओं को डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता विकास, व्यवसाय प्रबंधन और ई-गवर्नेंस जैसी जरूरी स्किल्स सिखाई जाएँगी। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनकी मौजूदगी बढ़ाने और कारोबार को डिजिटल रूप से मजबूत करने में भी मदद की जाएगी। नैसकॉम फाउंडेशन की सीईओ, ज्योति शर्मा ने कहा, आर्थिक भागीदारी में लैंगिक असमानता अब भी गहराई से जड़ें जमाए हुए है और समानता हासिल करने में यह एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। यह पहल इस अंतर को खत्म करने के हमारे संकल्प को दर्शाती है।

## तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौके पर मौत, एक घायल

**वर्दवान :** पश्चिम वर्दवान जिले के कांकसा थाना क्षेत्र के 19 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, एक तेज गति से आ रही एक कार ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी। जिसमें दो लोग सवार थे। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क के किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद, कार लगभग 100 मीटर चलता गया एक दूसरी अन्य बाइक को भी टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति सवार था। घटना की सूचना मिलते ही कांकसा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा। अस्पताल के डॉक्टरों ने दो बाइक सवारों को मृत घोषित कर दिया। मृतक बाइक सवारों की पहचान पानागढ़ के निवासी के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर काबू पाया।

## मदन तामांग हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट से बिमल गुरुंग को झटका

**नई दिल्ली/कोलकाता :** मदन तामांग हत्याकांड में बिमल गुरुंग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने उनके द्वारा दायर याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा, आप तो पहले से ही जमानत पर हैं, पहले ट्रायल कोर्ट में मामला खत्म होने दीजिए। इस फैसले के साथ ही मदन तामांग हत्याकांड में बिमल गुरुंग को शामिल करने के कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा गया है। गौरतलब है कि गोर्खा लीग के अध्यक्ष मदन तामांग की हत्या के मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इससे पहले कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शुभेंदु समंत्र ने बिमल गुरुंग को भी इस मामले में शामिल करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाए। हाईकोर्ट के इस फैसले को बिमल गुरुंग ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई बुधवार को हुई। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि चार्जशीट दाखिल होने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए, क्योंकि वह पहले से ही जमानत पर हैं। मदन तामांग की हत्या 2010 में मई के महीने में दार्जिलिंग में हुई थी। सुबह के समय जब वह एक सभा को संबोधित करने जा रहे थे, तभी उनकी खुलेआम सड़क पर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के मुख्य आरोपी के रूप में निकोल तामांग को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह बाद में पुलिस हिरासत से भाग निकले। बाद में यह मामला सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई द्वारा दायर चार्जशीट में बिमल गुरुंग, रोशन गिरी, आशा गुरुंग, बिनय तामांग सहित पहाड़ के 48 नेताओं के नाम शामिल थे।

# शांति, सौहार्द्र और एकता की मिसाल बनेगा राम नवमी का त्योहार

**हुगली, समाज्ञा :** आगामी 6 अप्रैल को पूरे देश में राम नवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। हुगली जिले में राम नवमी शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। हालांकि, इस वर्ष सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत यह यात्रा कड़े सुरक्षा घेरे में निकलेगी। रिसड़ा, चांपदानी, भद्रेश्वर, चंदननगर और हिन्दमोटर में इस पर्व को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है।



रिसड़ा में सड़कों और मंदिरों को भगवा पताकाओं और राम नाम के ध्वजों से सजाया जा रहा है। श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ इस पावन पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं, रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने चैती छठ और चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राम नवमी का पर्व भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म हुआ था। उनका अवतार धरती पर पापियों के नाश, बुराई के अंत और भेदभाव मिटाने के लिए हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि रिसड़ा को 'मिनी भारत' के रूप में जाना जाता है, जहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ रहते हैं। इसी परंपरा को बनाए रखते हुए राम नवमी का पर्व भी शांति, सौहार्द्र और एकता के साथ मनाया जाएगा। राम नवमी के इस पावन अवसर पर क्षेत्र में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों, शोभायात्राओं और भजन-कीर्तन के आयोजन की योजना बनाई गई है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सख्त इंतजाम किए हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हो सके।

# दो बसों की रेसारेसी में दर्दनाक हादसा, दो यात्रियों के कटे हाथ

**नदिया :** नदिया के कृष्णानगर में दो बसों के बीच टक्कर में दो यात्रियों का हाथ कटने की घटना सामने आई है। यह सनसनीखेज घटना नादिया के छपरा थाना अंतर्गत सीमानगर बीएसएफ कैंप के पास घटी। बुधवार को दो बसें कृष्णानगर से करीमपुर जा रही थीं। एक बस यात्रियों को लेने के लिए सीमानगर बीएसएफ कैंप के पास सड़क पर खड़ी थी। उसी समय एक अन्य बस तेज गति से उस बस का पार करने लगी। उस दौरान दो व्यक्तियों ने बस की खिड़की से अपने हाथ बाहर की ओर रखे हुए थे। पीछे से आ रही बस की रफ्तार इतनी तेज थी की खड़ी हुई बस को रगड़ते हुए चली गयी और इस दौरान दोनों यात्रियों का हाथ कट गया। एक यात्री का दाहिना हाथ शरीर से अलग होकर सड़क पर गिर




गया। वहीं, दूसरे का दाहिना हाथ उसके शरीर से लगभग अलग होकर लटक रहा था। घायलों को बस से कृष्णानगर शक्तिनगर जिला अस्प-ताल पहुंचाया और तत्काल उपचार शुरू किया गया। घायलों के नाम असित दास(50) और सनातन हलदर (65) है। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले की जांच जारी है।

# आईजी पंकज दत्ता की पत्नी का मामला: 6-10 अक्टूबर के बीच बड़तला थाने के सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने का आदेश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के पूर्व आईजी पंकज दत्ता की पत्नी द्वारा दायर किए गए मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के बीच बड़तला थाने के अंदर और बाहर के सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश बुधवार को न्यायमूर्ति तीरथंकर घोष ने दिया।

गौरतलब है कि आरजी कर अस्पताल से जुड़े एक कार्यक्रम में पंकज दत्ता की टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया था, जिसके बाद बड़तला थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि 6 अक्टूबर को पुलिस ने उन्हें थाने बुलाकर अपमानित किया, जिसके कुछ ही दिनों बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उसी दिन की सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने की मांग को लेकर उनकी पत्नी इंद्राणी दत्ता ने अदालत का रुख किया था।

बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने अदालत में दलील दी, पंकज दत्ता एक अनैतिक व्यक्ति थे। उन्हें आईपीएस कहना भी शर्म की बात है। वह सीधे आईपीएस नहीं बने थे, बल्कि पदोन्नति के जरिए इस पद पर पहुंचे थे।

पंकज दत्ता ने मालदा के पुलिस अधीक्षक, सीआईडी और खुफिया विभाग के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी थीं। वह आईबी के आईजी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पिछले साल 1 दिसंबर को उनका निधन हो गया था।

# पैसे देने के बाद भी नहीं मिला फ्लैट! उपभोक्ता संरक्षण आयोग ने बिल्डर को 13 लाख रुपये लौटाने का आदेश दिया

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के गड़िया इलाके के मन्ना दंपति ने करीब दस साल पहले फ्लैट खरीदने का फैसला किया था। उन्होंने साल्ट लेक सेक्टर फाइव स्थित एक निर्माण कंपनी से ईएम बायपास के पास बनने वाले एक अपार्टमेंट में फ्लैट बुक किया। बुकिंग राशि के रूप में उन्होंने करीब 13 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। समझौते के अनुसार, तीन साल के भीतर उन्हें फ्लैट मिल जाना था। लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी न तो उन्हें फ्लैट मिला और न ही उनके पैसे वापस किए गए।

इतना ही नहीं, जिस परियोजना में यह फ्लैट बनना था, वह प्रोजेक्ट ही शुरू नहीं हुआ। उसकी जगह किसी दूसरी परियोजना पर काम शुरू कर दिया गया। जब लगातार बिल्डर से संपर्क करने के बावजूद कोई समाधान नहीं मिला, तो मन्ना दंपति ने उपभोक्ता संरक्षण आयोग का दरवाजा खटखटाया और मामला दर्ज कराया।

लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद, 21 जनवरी को उपभोक्ता संरक्षण आयोग ने फैसला सुनाते हुए निर्माण कंपनी को 70 दिनों के भीतर 8% वार्षिक ब्याज के साथ 12,79,603 रुपये लौटाने का आदेश दिया।

उपभोक्ता संरक्षण आयोग के सूत्रों के अनुसार, साल्ट लेक सेक्टर फाइव की उक्त निर्माण कंपनी को ईएम बायपास के पास 'आनंद धारा' नाम की बहुमंजिला इमारत बनानी थी। इस परियोजना में कई टावर बनने थे, जिनमें से एक नंबर टावर की 10वीं मंजिल पर 1915 वर्गफुट का फ्लैट मन्ना दंपति ने बुक किया था। उस समय प्रति वर्गफुट 3,341 रुपये की दर थी, और कुल फ्लैट की कीमत 63,98,015 रुपये तय की गई थी।

बुकिंग के समय मन्ना दंपति ने तीन अलग-अलग चेक के जरिए 12,79,603 रुपये का भुगतान किया था। लेकिन तीन साल बाद भी जब उन्हें फ्लैट नहीं मिला, तो उन्होंने 2018 में उपभोक्ता संरक्षण आयोग में मामला दायर किया। पांच साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया और बिल्डर को ब्याज समेत पूरी राशि लौटाने का आदेश दिया।

# क्या दो डॉक्टरों की नजरें अलग-अलग हैं? गैंगरेप मामले की मेडिकल रिपोर्ट देखकर अदालत हैरान

**कोलकाता :** पश्चिम मेदिनीपुर में हुए गैंगरेप के एक मामले में मेडिकल रिपोर्ट में विरोधाभास देखकर न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष हैरान रह गए। उन्होंने सवाल उठाया कि मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज और कल्याणी एम्स की रिपोर्ट अलग-अलग कैसे हो सकती है।

अदालत ने राज्य सरकार से पूछा, क्या दो डॉक्टरों की नजरें अलग-अलग होती हैं? एक डॉक्टर घर्षण के निशान और सूजन देख रहा है, जबकि दूसरा कुछ नहीं देख पा रहा। यह कैसे संभव है?

इसके जवाब में राज्य सरकार ने बताया कि मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर का बयान दर्ज कर लिया गया है, लेकिन कल्याणी एम्स के डॉक्टर का बयान अब तक दर्ज नहीं हुआ है।

यह घटना इस साल मार्च में हुई थी। आरोप है कि नौकरी का लालच देकर एक युवती को हुगली से पश्चिम मेदिनीपुर के डेबरा लाया गया। वहां एक सुनसान जगह में तीन युवकों ने उसे लगातार बलात्कार का शिकार बनाया। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं और यह गैंगरेप पहले से योजना बनाकर किया गया था। इस मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

**Name Change**

I,MADHU(OLD NAME) W/O SURANDER KUMAR RESIDING AT 347/20,SAINIPURA,PS-ROHTAK,DIST-ROHTAK,PIN-124001,HARYANA,INDIA, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS MADHU SAINI(NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 02/04/2025.MADHU (OLD NAME) AND MADHU SAINI (NEW NAME) BOTH ARE SAME AND IDENTICAL PERSON.

---

I,SURENDER(OLD NAME) S/O LATE RADHA KISHAN RESIDING AT 347/20,SAINIPURA MOHALLA,WARD NO.20,PS-ROHTAK,DIST-ROHTAK,PIN - 124001,HARYANA,INDIA, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS SURANDER KUMAR(NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 02/04/2025.SURENDER (OLD NAME) AND SURANDER KUMAR (NEW NAME) BOTH ARE SAME AND IDENTICAL PERSON.

# कोलकाता नगर निगम में फिर दिखा सांप, वन विभाग को दी गई सूचना

**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम के प्रिंटिंग विभाग में एक बार फिर सांप दिखाई देने से हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने देखा कि एक सांप कमरे में घुस आया है और अब तक वहीं मौजूद है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कर्मचारियों ने दरवाजा बंद कर दिया और वन विभाग को तुरंत इसकी सूचना दी गई।




गौरतलब है कि नगर निगम में सांप मिलने की यह कोई नई घटना नहीं है। इससे पहले भी चैपलिन स्कायर की एक बालकनी में और डिप्टी मेयर अतिन घोष के कमरे में सांप पाया गया था। इस बार सुबह-सुबह जब ड्यूटी पर मौजूद केयरटेकर कमरे की सफाई करने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक सांप कुर्सी पर लिपटा हुआ बैठा है। जैसे ही केयरटेकर की नजर उस पर पड़ी, सांप ने फन फैलाकर फुफकारना शुरू कर दिया। खतरा भांपते ही उन्होंने तुरंत अन्य कर्मचारियों को बुलाया। सुरक्षा गार्डों ने मौके पर पहुंचकर प्रिंटिंग विभाग के उस कमरे को बंद कर दिया और वन विभाग को इसकी सूचना दी।

इस घटना के बाद निगम कर्मचारियों में दहशत फैल गई। कई लोग घबराकर अपनी कुर्सी छोड़कर बाहर निकल आए। वन विभाग को सूचना मिलते ही उनकी टीम मौके पर पहुंच गई और सांप को पकड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कोलकाता में णमोकार दिवस की गूंज, जैन समाज ने किया भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूरे विश्व में बुधवार को णमोकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कोलकाता के श्री शांति नाथ दीगंबर जैन मंदिर में एक भव्य आम सभा आयोजित की गई। इस आयोजन में जैन समाज के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों और जीतो कोलकाता चैप्टर के अधिकारियों ने भाग लिया, जहां कार्यक्रम की रूपरेखा को साझा किया गया और समाज के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।



इस अवसर पर जीतो कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने समाज के सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान करें। सभा में प्रमुख रूप से नरेंद्र बरड़िया, चंद्रेश मेघानी, निर्मल बिंदायका, रतन दुगड़, जे.के काला, भागचंद काला, अजित सेठी, संजय काला (हिंदमोटर), सुनील पहाड़िया, संजय सिंघी, जयसिंह डागा, बुधमल लूनिया, अजय भंसाली, अनिता गंगवाल, विजय बावलिया और शांति पाटनी ने अपने विचार रखे।

सभा का संचालन जीतो संयोजक दिनेश जैन गंगवाल द्वारा किया गया। इस आयोजन में 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिन्होंने जैन समाज की एकता और धार्मिक समर्पण का परिचय दिया। इस अवसर पर जैन धर्म के अनुयायियों ने णमोकार मंत्र का जप कर विश्व शांति और समाज के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय भागीद-ारी का संकल्प लिया।

# रामनवमी को लेकर हाईकोर्ट पहुंची विश्व हिंदू परिषद

**कोलकाता :** रामनवमी की शोभायात्रा निकालने की अनुमति न मिलने पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वीएचपी पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के सालतोड़ा में जुलूस निकालना चाहती है, लेकिन पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके खिलाफ वीएचपी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे न्यायमूर्ति तीरथंकर घोष ने स्वीकार कर लिया। रामनवमी इस साल 6 अप्रैल को है, और इस दिन भाजपा पूरे राज्य में जुलूस निकालने की तैयारी कर रही है। कई भाजपा नेताओं के बयानों में हथियारों के साथ जुलूस निकालने की बात भी सामने आई है। इसे देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक राज्यभर में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं, और केवल आपात स्थिति में ही छुट्टी की अनुमति होगी। कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने साफ कहा है कि अगर कोई हथियार लेकर जुलूस निकालता है तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में रामनवमी के जुलूस आयोजित किए जा रहे हैं। सा-लतोड़ा में वीएचपी ने जुलूस निकालने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी थी, लेकिन पुलिस ने पहले से निर्धारित अन्य जुलूसों का हवाला देते हुए इसकी इजाजत नहीं दी। इसी कारण वीएचपी ने हाईकोर्ट का रुख किया है, और मामले की सुनवाई कल होने की संभावना है।

इससे पहले, हावड़ा में दो रामनवमी जुलूसों की अनुमति भी पुलिस ने नहीं दी थी, जिसके बाद आयोजकों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस पर गुरुवार को सुनवाई होगी।

# जीवन भर का साथी है मधुमेह

राजेश कुमार भगत

डायबिटिज प्राचीन काल से ज्ञात रोग है। लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व चरक और सुश्रुत ने इसे मधुमेह की संज्ञा दी थी। उच्च रक्तचाप की तरह डायबिटिज भी एक बार हो जाने के बाद जीवन भर का साथी बन जाता है।

जीवन की बहुदिग्ध स्थितियां, खानपान, शारीरिक श्रम से बचना, रहन-सहन, मानसिक परेशानियां, गर्भावस्था और प्रसव आदि बातें डायबिटिज के रोग को प्रभावित करती हैं।

डायबिटिज क्या है

शरीर की तन्तु कोशिकाओं को अपना कार्य कर पाने के लिए शक्ति रक्त में मौजूद ग्लूकोज से मिलती है। रक्त में ग्लूकोज की असामान्य, अधिक तादाद की स्थिति को 'हाइपरग्लोईसीमिया' और पेशाब में 'ग्लूकोज' निकलने को 'ग्लाईकोसूरिया' कहते हैं। शरीर में ग्लूकोज के समुचित उपयोग के लिए एक विशेष हारमोन 'इंसुलिन' अनिवार्य है। जब किसी कारणवश शरीर में 'इंसुलिन' का अभाव हो जाता है या इंसुलिन निष्क्रिय हो जाती है तब शरीर में 'हाइपर ग्लाईसिमिया' और 'ग्लाइकोसूरिया' की जो स्थिति बनती है उसे 'डायबिटिज' कहते हैं।




### कारण, प्रकार एवं लक्षण

मानव शरीर में इंसुलिन तो बनती है पर कुछ अन्य दवाओं के कारण तंतु कोशिकाओं पर उसका वांछित प्रभाव नहीं पड़ता है। तब मानव मोटा होता है। जीवन में श्रम का अभाव एवं जिगर का रोग भी इसका कारण बन जाता है। यह रोग आनुवंशिक भी होता है। यदि माता-पिता दोनों को 'डायबिटिज' हो तो उनकी सभी संतानों में डायबिटिज होने की संभावना रहती है।

### डायबिटिज दो प्रकार की होती है

**टाइप वन:-** जब अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की क्षति के कारण इंसुलिन बनना बंद हो जाता है तो इस तरह की डायबिटिज को 'टाइप वन' कहते हैं। इसमें बाहर से इंसुलिन देना अनिवार्य हो जाता है। 'टाइप वन' प्रायः कम उम्र के लोगों में और किशोरावस्था में पाई जाती हैं। इसमें प्रायः शरीर दुबला होने लगता है, वजन कम हो जाता है। प्यास, भूख और पेशाब अधिक लगता है।

**टाइप टू:-** इसमें इंसुलिन तो शरीर में मौजूद रहती है परन्तु कतिपय कारणों से तंतुकोशिकाओं तक नहीं पहुंच पाती। यह प्रायः अधिक उम्र के लोगों में पाई जाती है। इसके रोगी खाना अपनी जरूरत से ज्यादा खाते हैं। जीवन तनावग्रस्त रहता है।

### डायबिटिज का दुष्प्रभाव

**आंखें:-** डायबिटिज रोग का प्रभाव शरीर के विभिन्न अंगों पर पड़ता है जैसे आंख में मोतियाबिंद रोग पहले होता है जिसका पूर्ण इलाज नहीं कराने पर रोगी पूर्णतया अंधे हो जाते हैं।

**गुर्दें:-** इस रोग का असर गुर्दों पर भी पड़ता है।

**रक्तचाप:-** रक्तचाप इस रोगी को अधिक होता है जिससे खून की नली में चर्बी का जमाव ज्यादा होता है जिसकी वजह से वह काम करना बंद कर देती हैं। सही रूप से उपचार न होने पर रोगी की मृत्यु हो सकती है।

### निराकरण एवं उपचार

जिन लोगों के बाप-दादों या पूर्वजों को यह रोग हो, उन्हें विशेषकर सावधानी रखने की जरूरत होती है। प्रौढ़ावस्था के लोगों को वर्ष में एक बार रक्त तथा पेशाब की जांच कराते रहनी चाहिए। जिनको 'डायबिटिज' की पहले संभावना हो, उनको शुरू से ही कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए जैसे - शक्कर, गुड़, मिठाई, घी, मक्खन आदि का अधिक प्रयोग नहीं करना चाहिए।

शरीर को आलसी नहीं बनने देना चाहिए। शाक सब्जी, फल, अंकुरित अनाज, चोकर आदि का प्रयोग नियमित करना चाहिए। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। रोग का लक्षण आते ही अच्छे चिकित्सक को दिखाकर 'इंसुलिन' या अन्य दवाओं का प्रयोग करना चाहिए।

**सावधानियां:-** रोगी को अपने पैरों की उंगलियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। शरीर को तौलिए से जोर से न रगड़ें, नाखूनों को सावधानी से काटें। धूम्रपान बिलकुल न करें। चिकित्सक की सलाह से ही इलाज नियमित रूप से कराये।

इस तरह यदि समय पर इसका नियमित इलाज हो जाए तो डायबिटिज जैसे रोग से बचा जा सकता है। (स्वा.द.)

# कैसे रहें स्वस्थ



किशन लाल शर्मा

हर आदमी चाहता है, वह स्वस्थ रहे और उसे कोई रोग न लगें लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आप निम्न बातों पर भी ध्यान दें।

- रोज रात को जल्दी सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें।
- सुबह उठकर कुल्ला करने के बाद जितना पानी पी सकते है, पियें ।
- सुबह शौच जायें।
- सुबह घूमने जरूर जायें। सुबह की ताजी हवा में घूमना फायदेमंद है।
- प्रतिदिन सुबह योग जरूर करें। उससे शरीर स्वस्थ रहता है।
- प्रतिदिन मंजन करें। हो सके तो नीम या बबूल की दातुन करें।
- प्रतिदिन नहाएं । सभी अंगों की स्वच्छता पर ध्यान दें।
- मीठा, तली चीजें और बासी खाने से परहेज करें तो बेहतर होगा।
- रात को सोने से पहले मंजन जरूर करें।
- भोजन चबा कर खायें। भोजन में हरी सब्जियों का प्रयोग ज्यादा करें। सलाद जरूर खायें। (स्वा.द.)

# तेरी सांसों से बदबू आ रही है

विजेन्द्र कोहली गुरूदासपुरी

सांसों की दुर्गन्ध हमारे व्यक्तित्व पर पहाड़ सा प्रहार है। हम दूसरों से बात करने में कतराते हैं, दूसरों को भी हमसे बात करने में घिन आती है और वह बात करने में गुरेज करता है।

हमारे एक मित्रा के मुंह से भयंकर बदबू आती थी। उसका नाम हमने सैप्टिक टैंक डाल रखा था। अब आप अपना अनुमान स्वयं लगा लें। कभी कभी पाचन संस्थान, मुंह के इन्फेक्शन, गले के इन्फेक्शन के कारण मुंह या नाक में से दुर्गन्ध युक्त सांस निकलती है। इसका आभास स्वयं को भी हो जाता है।

आप इसके कारण जान कर इस रोग का निवारण करें। मुंह में फंगल या बैक्टीरियल इन्फेक्शन के कारण लम्बी कब्ज या दांतों, मसूड़ों के पीछे टार जमने, दांतों में फंसा भोजन सड़ने के कारण, पायरिया या जिजीवाइटिस के कारण मुंह दुर्गन्ध युक्त हो सकता है।

यदि आप चाहते हैं कि सामने वाला आपसे बात करने से न कतराए, न आप किसी से बात करने से कतराएं, आपको मुंह की दुर्गन्ध न सताए, आपको आपका पति या पत्नी यह न कह दे कि तेरी सांसों से, मेरी सांसों को बदबू आ रही है तो कुछ सावधानी बरतें। अपने पथापथ्य, खानपान व दिनचर्या में परिवर्तन लाएं। जागरूकता और सावधानी ही समझदारी एवं रोगमुक्त रहने की निशानी है। कुछ सुविधा सूत्रों को दैनिक जीवन में धारण करना होगा।



- ❒ प्रतिदिन प्रातः व रात्रि अच्छे मेडिकेटड टूथ पेस्ट से दांत साफ करें।
- ❒ ब्रश करने का सूत्रा है नीचे से ऊपर, ऊपर से नीचे, अन्दर से बाहर की तरफ धीरे धीरे चलाएं। नर्म जीभी से जुबान साफ रखें। गर्म पानी से मुंह साफ करें। जुबान का पिछला हिस्सा विशेष तौर पर साफ करें। वहीं पर बैक्टीरिया छिपे घुसे रहते हैं।
- ❒ प्रातः सायं गरारे करें। भोजन के बाद कोसा, गर्म पानी पिएं।
- ❒ कब्ज न होने दें। फाइबर, सलाद, शाक सब्जी खाएं। रसायुक्त आहार ज्यादा लें।
- ❒ दांतों के अन्दर मसूड़ों पर टार की परत न जमने दें। डेंटिस्ट से दांतों की सफाई करवाएं।
- ❒ सिगरेट, शराब, कम करें, सिगरेट मत पिएं। आपके कपड़ों में भी निकोटिन सी बदबू आने लगती है। पान तम्बाकू मत चबाएं।
- ❒ गले के इन्फेक्शन का इलाज कराएं। पेट साफ रखें। मसूड़े लाल हों तो डेंटिस्ट से मिलें। जुबान पर मैल इकट्ठा न होने दें।
- ❒ सड़े दांत में भोजन फंस कर सड़ांध पैदा करता है। गर्म नमकीन पानी से कुल्ले करें।
- ❒ नकली डेंचर हो तो हर भोजन के बाद दांत निकाल कर ब्रश से साफ करें। नकली डेंचर को रात्रि को पानी में रख दें।
- ❒ हिलते दांतों को निकलवा लें। दांत गले व मुंह की समुचित सफाई रखें।
- ❒ इलायची, सौंफ, मुलहठी चबाते रहे। माउथ फ्रेशनर का प्रयोग करें। लिस्टरीन से गरारे करें। पानी डालकर मुंह में घुमाएं।
- ❒ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली बढ़ाएं। विटामिन सी युक्त भोजन खाएं। नींबू आंवला, अमरूद, टमाटर, संतरा, किन्नू और मौसमी खाएं। मुंह की दुर्गन्ध व दांतों की सड़न से निजात पाएं। (स्वा.द.)

# आत्मविश्वास बढ़ाने के गुर



अनूप मिश्रा

कहते हैं कि हम कड़ी लगन एवं मेहनत के जरिए मंजिल पर पहुंचने का सुगम रास्ता तो बना सकते हैं किंतु ठोस इरादों के बलबूते ही मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। इस बीच राह में कठिनाइयां निश्चित रूप से आती हैं, परंतु ऐसे समय में आत्मविश्वास बनाए रखना और उत्साह के साथ कार्य करना एक न एक दिन मंजिल को सुनिश्चित कर देता है।

इस तरह हम यहां पर कह सकते हैं कि व्यक्ति में अपनी मंजिल हासिल करने के लिए दृढ़ आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है।

आत्मविश्वास से लबरेज व्यक्ति ही सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ता हुआ सब बाधाओं को पार करके नामुमकिन कार्य को भी मुमकिन कर दिखलाता है। यही वह है कि एक्सपर्ट लोग भी मानते हैं कि 'अनुभव सिर्फ व्यक्ति को यह बताता है कि आपको क्या करना है, लेकिन सही मायने में देखा जाए तो उसे सम्पूर्ण करने का श्रेय एकमात्रा आत्मविश्वास को ही जाता है।

### हमेशा चुनौतियों को स्वीकार करें:-

मनोवैज्ञानिकों की राय में, हम अक्सर छोटी-छोटी परेशानियों को लेकर हतोत्साहित होने लगते हैं जो हमारे मन में डर पैदा कर देती हैं। इसलिए आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु यह बेहद जरूरी है कि मन में डर नहीं पैदा होने दिया जाएं। इसके लिए आप हमेशा खुलकर चुनौतियों को स्वीकारें।

ऐसा करने से ही व्यक्ति के मन में बैठा डर स्वतः खत्म हो सकता है और आत्मविश्वास का अंकुर फूटने लगता है जो भविष्य में चलकर दृढ़ आत्मविश्वास रूपी विशालकाय वृक्ष के रूप में तब्दील होकर खड़ा हो जाता है।

### पॉजिटिव सोच रखें:-

बढ़ाने का दूसरा महत्त्वपूर्ण गुर पॉजिटिव सोच रखना है क्योंकि जैसा आप सोचते हैं, ठीक उसी तरह आप कार्य करने लगते हैं। सदैव स्मरण रखें कि आपकी सोच बुरी परिस्थितियों में भी सकारात्मक ही होनी चाहिए और कठिन से कठिन परेशानी आने पर भी इसका दामन कतई नहीं छोड़ना चाहिए।

### सदैव प्रसन्न रहें:-

देखने में आया है कि आत्मविश्वास से भरपूर लोगों के चेहरे पर कभी भी मायूसी के भाव नहीं दिखाई देते। इसलिए कोशिश करें कि आपके चेहरे पर भी उदासी के बादल नहीं छाने पायें। हर एक पल मुस्कुराहट को अपने होंठों पर बसाये रखें। तभी दूसरे लोग भी आपसे नहीं चाहते हुए भी प्रभावित होंगे और आपकी तरह बनने की कोशिश करते नजर आयेंगे।

### आलोचनाओं से विचलित न हों:-

यूं तो अक्सर व्यक्ति दूसरों की आलोचनाओं से परेशान हो उठता है परन्तु, कोशिश करें कि आलोचनाओं को स्वयं पर कतई हावी नहीं होने दें क्योंकि आलोचनाओं के चलते परेशान होने पर खुद में अनेकों बुराइयां दिखलाई देने लगती हैं और व्यक्ति झल्लाकर मंजिल से खुद ही दूरी बना बैठता है।

शर्मिंदगी और हिचकिचाहट को नजरअंदाज करें:- कभी-कभार हमें परिश्रम करने के बाद भी पर्याप्त सफलता नहीं मिल पाती और आशा के विपरीत असफल होते हुए दिखाई देने लगते हैं जबकि कई लोग तो असफलता मिलने के उपरांत सफल होने की उम्मीद तक त्याग देते हैं जो सरासर गलत है। ऐसे दौर में हमें शर्मिंदा होने तथा हिचकिचाने की कतई जरूरत नहीं है बल्कि चींटी जैसे छोटे जीव से प्रेरणा लेते हुए धैर्य धारण कर पुनः प्रयास करके मंजिल तक पहुंचने का प्रयत्न करना चाहिए।

### सदैव नया करने की सोचें:-

तो अधिकांश लोग अपने पुराने कार्य को करते हुए बोरियत महसूस करने लगते हैं परन्तु जब स्थिति जरूरत से ज्यादा जटिल मालूम होती दिखलाई देने लगे, तब, कुछ न कुछ नया अवश्य करने का सोच-विचार करें क्योंकि सदैव नया करने से ही हमारे मन में आत्मविश्वास की लौ और अधिक धधकने लगती है, अतएव ऐसे दौर में हमेशा नवनीत कार्य को आरंभ करके आप अपनी बोरियत और एकरसता को भी कम कर सकते हैं। इससे मंजिल तक पहुंचने में भी काफी अधिक मदद मिलेगी।

### अतीत की बातों को भूल :-

देखने में आता है कि गढे़ मुर्दे उखाड़ने से सिर्फ बदबू ही हाथ आती है, इसलिए ध्यान दें कि पुरानी असफलताओं एवं बुरी स्थितियों को मन में बिलकुल भी स्थान नहीं दें। इसके स्थान पर हरेक नई सुबह नित्य नया हासिल करने की सोच विद्यमान रखते हुए रोजाना नई शुरूआत करें। यकीनन, कुछ दिनों में ही मंजिल नजदीक आते हुए प्रतीत होगी और आप आत्मविश्वास से लबरेज होकर अंततः अपनी मंजिल प्राप्त करने में सफल हो ही जायेंगे। (स्वा.द.)

# किडनी में स्टोन की समस्या से हैं परेशान तो जानें क्या खाएं और क्या नहीं



किडनी हमारे शरीर का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रक्त से अतिरिक्त पानी, खनिज और अपशिष्ट पदार्थ को फिल्टर कर मूत्र के माध्यम से बाहर निकालती है। हालांकि इस दौरान अधिक सोडियम, कैल्शियम और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ, पानी की कमी और पर्याप्त फाइबर का अभाव किडनी में स्टोन यानी पथरी का कारण बन सकते हैं। ऐसे में अक्सर उलझन रहती है कि क्या खाएं और क्या न खाएं?

### किडनी स्टोन

किडनी स्टोन तब होता है, जब किडनी में छोटे ठोस पदार्थ जमा हो जाते हैं, जो सामान्यतः मिनरल्स और सॉल्ट्स से बने होते हैं। इनमें कैल्शियम, ऑक्सलेट, यूरिक एसिड और फॉस्फेट जैसे तत्व शामिल होते हैं। पथरी आकार में छोटी से लेकर बड़ी हो सकती है और किडनी या मूत्र मार्ग में फंस कर दर्दएवं रक्त स्राव का कारण बनती है।

### किडनी स्टोन के कारण और लक्षण

किडनी में स्टोन बनने के मुख्य कारणों में पानी की कमी, अस्वास्थ्यकर आहार, उच्च कैल्शियम तथा ऑक्सलेट का सेवन और जीन का प्रभाव शामिल हैं। वहीं जब पथरी किडनी में बन जाती है तो यह पेट या पीठ में तेज दर्द, उल्टी और मूत्र में खून आने जैसी समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। सही उपचार के लिए समय रहते डॉक्टर से परामर्श लेना बहुत जरूरी है, ताकि जटिलताओं से बचा जा सके।

### पथरी के मरीज क्या खाएं?

पथरी के मरीजों के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वे अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें, खासकर पानी और ताजे जूस, जैसे-नींबू और नारियल पानी। नींबू में साइट्रिक एसिड होता है, जो पथरी को नरम कर देता है और उसे मूत्र के माध्यम से बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही पथरी से बचने और उसे ठीक करने के लिए फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन जरूर करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, दलिया, ओट्स और साबुत अनाज फाइबर से भरपूर होते हैं। ये शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। वहीं किडनी पथरी के मरीजों को कम सोडियम और प्रोटीन वाला आहार लेना चाहिए। अत्यधिक नमक का सेवन पथरी के आकार को बढ़ा सकता है, इसलिए हरी पत्तेदार सब्जियों, फल और कम वसा वाले प्रोटीन स्रोत, जैसे दाल तथा राजमा का सेवन करें।

### पथरी के मरीज करें इन चीजों से परहेज?

किडनी स्टोन के मरीज अधिक नमक और सोडियम के सेवन से बचें। अत्यधिक नमक से किडनी पर दबाव पड़ता है और पथरी बनने की आशंका बढ़ जाती है। प्रोसेस्ड फूड्स और पैकेज्ड स्नैक्स में अधिक मात्रा में सोडियम होता है, इसलिए इनसे परहेज करें। तला हुआ और अधिक मसा-लेदार खाना पाचन तंत्र को प्रभावित करता है और किडनी स्टोन के मरीजों की परेशानी को बढ़ा सकता है।

इसके साथ ही मांसाहारी भोजन में प्रोटीन की अधिकता होती है, जो किडनी पर दबाव डालती है। ऑक्सलेट भी किडनी स्टोन का एक सामान्य कारण है, इसलिए अधिक मात्रा में ऑक्सलेट युक्त खाद्य सामग्री से बचें, जैसे कि पालक, चॉकलेट और नट्स।

# हरा धनिया-एक उत्तम घरेलू औषधि

भाषणा बांसल

आमतौर पर हरे धनिये का प्रयोग विभिन्न व्यंजनों को सजाने एवं उनकी सुगंध बढ़ाने हेतु किया जाता है मगर शायद आप यह नहीं जानते होंगे कि यह स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अति महत्त्वपूर्ण है।

- ◆ चेहरे पर तिल होने पर रोजाना हरे धनिये की पत्तियों को रगड़ने से लाभ होता है।
- ◆ पेशाब में जलन होने पर हरे धनिये का शरबत पियें।
- ◆ शरीर में कमजोरी महसूस हो और चक्कर आते हों तो दो चम्मच धनिये के रस में दस ग्राम मिश्री व आधी कटोरी पानी मिलाकर प्रातः सायं लेने से फायदा होता है।
- ◆ हरे धनिये के नियमित प्रयोग से आंखों की रोशनी बढ़ती है क्योंकि इसमें विटामिन-ए भरपूर मात्रा में होता है जो आंखों के लिए आवश्यक है।
- ◆ सिर के बाल झड़ने पर हरे धनिये का रस लगायें।
- ◆ नींद न आती हो तो हरे धनिये में मिश्री मिला कर चाशनी बनायें। दो-चम्मच सुबह-शाम पानी के साथ लें। लाभ होगा।
- ◆ झाइयां पड़ने पर धनिये को उबालकर उस पानी को झाइयों पर लगाने से लाभ होता है।
- ◆ गुर्दे में पथरी होने पर धनिये का नियमित सेवन करें। (स्वा.द.)



# कैसे दूर करें शारीरिक व मानसिक थकान



नीतू गुप्ता

हम सबकी दिनचर्या में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जब हम मानसिक और शारीरिक रूप से थकान अनुभव करते हैं। आमतौर पर तो हम अपनी थकान कुछ समय आराम कर के दूर भगाने का प्रयास करते हैं किन्तु आराम के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है। हर समय आराम करना सम्भव भी नहीं होता,ऐसे में थकान दूर भगाने के लिए कई अन्य उपायों का सहारा लिया जा सकता है।

- ■ थकान अधिक होने पर हाथ पांव ढीले छोड़कर, आंखें बंद कर पलंग पर लेट जाइए। ऐसे में मांसपेशियों का तनाव दूर होता है।
- ■ अधिक समय खड़े होकर काम करने से पांव की एड़ियां दर्द करने लगती हैं। ऐसे में गरम पानी में थोड़ा नमक डालकर पांव कुछ समय पानी में रखें जिससे दर्द कम हो जाएगा।
- ■ टांग की पिंडलियां दर्द करने पर घुटनों के ऊपर से ठंडा पानी डालें। पिंडलियों का दर्द कम हो जाएगा।
- ■ सफर के बाद थकान होने से घर या होटल पहुंच कर मौसम के अनुसार गुनगुने या ताजे पानी से स्नान करके ढीले वस्त्रा पहन लें।
- ■ अपनी रूचि और मौसम के अनुसार चाय, काफी, दूध, शरबत, शिकंजी, जूस पीने से भी थकान से राहत मिलती है।
- ■ रसोई तथा घर के दूसरे कार्यों से निपट कर ताजे पानी से हाथ-मुंह धो कर कपड़े बदल लें और बाल भी संवार लेने से थकान दूर होती है।
- ■ कमर दर्द करने पर दरी या चटाई बिछा कर फर्श पर सीधे लेटें। कमर दर्द अधिक होने पर गर्म पानी, रेत या नमक गर्म कर थैली में डालकर सेंक करने से भी आराम मिलता है।
- ■ काम के दौरान आराम न कर सकें तो आंखें बंद कर आंखों पर हथेलियां रख लें जिससे आंखों को आराम मिलेगा।
- ■ धुएं, धूप व धूल से आंखों को थकान अनुभव हो तो ताजे पानी से आंखें धोंए और मुंह भी धो लें। आंखों की थकान दूर करने के लिए गुलाब जल आंखों में डालें जिससे आंखों से धूल बाहर निकल जाएगी और आंखों को आराम मिलेगा।
- ■ छोटी-छोटी बातों से परेशान होना छोड़िये। यह सब तो जिन्दगी का हिस्सा है, यह सोचकर कुछ तनाव और थकान कम कर सकते हैं।
- ■ हंसने, हंसाने की आदत को विकसित करें। खुश रहने वाले लोग कम थकान महसूस करते हैं।
- ■ दर्द निवारक गोलियों का सेवन कम से कम करें। ये अभी तो आराम दिलाएंगी पर बाद में घातक भी सिद्ध हो सकती हैं।
- ■ नींद पूरी लेने से भी शारीरिक और मानसिक थकान दूर होती है। नींद सबसे बड़ा टॉनिक है, जिससे शरीर को सम्पूर्ण आराम मिलता है। अच्छी नींद हमारे शरीर को ही नहीं, मस्तिष्क को भी पूरा आराम देती है। इसलिए अच्छी नींद मिलने से आप पुनः पूरे जोश से काम करने लायक हो जाते हैं। (स्वा.द.)

## न्यूज इन ब्रीफ

### एमपी में मुठभेड़ में 14-14 लाख रुपये की ईनामी दो महिला नक्सली ढेर

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में बुधवार सुबह पुलिस से मुठभेड़ में 14-14 लाख रुपये की ईनामी दो महिला नक्सली ढेर हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने बताया कि मुठभेड़ बिछिया थाना क्षेत्र में हुई। मुठभेड़ स्थल से एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसए-लआर), एक साधारण राइफल, एक वायरलेस सेट और कुछ दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं। मकवाना ने बताया कि अन्य नक्सलियों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### कर्नाटक सोना तस्करी: आरोपी साहिल जैन को सात अप्रैल तक न्यायिक हिरासत

**बेंगलुरु :** आर्थिक अपराधों के लिये एक विशेष अदालत ने बुधवार को सोना तस्करी मामले में एक आरोपी को सात अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में साहिल जैन को गिरफ्तार किया था, जिसमें कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव मुख्य आरोपी है। स्वर्ण व्यवसायी साहिल जैन पर आरोप है कि उसने तस्करी किए गए सोने को बेचने के लिए रान्या राव की मदद की थी। रान्या डीजीपी रैंक के अधिकारी के रामचंद्र राव की सौतेली बेटी है। अभिनेत्री को तीन मार्च को 14.8 किलो सोने के साथ यहां के कैम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह दुबई से वापस लौट रही थी।

### दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया, सात आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कई राज्यों में सक्रिय एक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया है और तीन नेपाली नागरिकों सहित गिरोह से जुड़े सात प्रमुख लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अभियान में 17 किलोग्राम से अधिक चरस जब्त की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 8.75 करोड़ रुपये है। यह गिरोह नेपाल और कसोल (हिमाचल प्रदेश) से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में 'चरस' की आपूर्ति करता था। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि 'दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में मादक पदार्थ की आपूर्ति के संबंध में 20 नवंबर को एक गुप्त सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था।''

### कुणाल कामरा के शो में शामिल हुए बैंकर को गवाह के तौर पर बुलाया गया: मुंबई पुलिस

**मुंबई :** कॉमेडियन कुणाल कामरा के विवादास्पद शो में शामिल हुए एक बैंकर को गवाह के तौर पर बुलाया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित कटाक्ष करने को लेकर कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि बाद में पुलिस ने नवी मुंबई के व्यक्ति से कहा कि उन्हें तत्काल पेश होने की आवश्यकता नहीं है। कामरा ने इस पर उस व्यक्ति को हुई असुविधा के लिए सोशल मीडिया पर खेद व्यक्त किया। इससे पहले मंगलवार को पुलिस ने उन खबरों का खंडन किया था कि कुणाल कामरा के शो में आए दर्शकों को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैंकर को समन भेजा गया है।

### दिल्ली में फर्जी फार्मेसी पंजीकरण रैकेट का भंडाफोड़, 47 गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** एसीबी ने फर्जी फार्मेसी पंजीकरण रैकेट का भंडाफोड़ कर दिल्ली फार्मेसी परिषद के एक पूर्व कर्मचारी समेत 47 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसीबी मधुर वर्मा के अनुसार, पूर्व रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह ने एक निजी कंपनी के साथ मिलकर यह घोटाला किया। इस कंपनी को 'फार्मासिस्ट' के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए नियुक्त किया गया था लेकिन ऐसा करते हुए निविदा प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और निर्धारित प्रक्रिया का भी उल्लंघन किया गया।

# रेल दुर्घटनाओं की संख्या 400 से घट कर 81 हुई: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि रेल दुर्घटनाओं की संख्या 400 से घट कर 81 रह गई है तथा इसमें और कमी लाने के लिए हर प्रयास किया जा रहा है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान, वैष्णव ने पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान हुई रेल दुर्घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, ''लालू जी के समय प्रतिवर्ष करीब 700 दुर्घटनाएं हुई थीं, ममता जी के समय 400 और खरगे जी के समय 385 दुर्घटनाएं हुई थीं। लेकिन कुछ ही दिन पहले समाप्त हुए वित्त वर्ष (2023-24) में यह संख्या घट कर 81 रह गई है।'' लालू प्रसाद, ममता बनर्जी और मल्लिकार्जुन खरगे रेल मंत्री रह चुके हैं। वैष्णव ने यह भी कहा कि देश में रेल दुर्घटनाओं में और कमी लाने के लिए नयी प्रौद्योगिकी अपनाने और प्रशिक्षण पद्धतियों सहित अन्य माध्यमों से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रेल यात्रा के दौरान, अपराधों की प्राथमिकी दर्ज करने में विलंब होने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि प्रत्येक राज्य की जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) के बीच निरंतर समन्वय रहता है और 'जीरो एफआईआर' की प्रणाली के कार्यान्वयन से मुद्दों को सुलझाने में मदद मिलेगी। वैष्णव ने विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के बारे में भाजपा की पूनमबेन हेमतभाई माडम के सवाल का जवाब देते हुए यह भी कहा कि रेलवे में सुरक्षा में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा, ''कई सारे रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं और साल-डेढ़ साल में हर स्टेशन पर यह लग जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''आरपीएफ में वर्तमान में 9.4 प्रतिशत महिला कर्मी हैं।''

### अधिक ट्रेनों में स्थानीय व्यंजन उपलब्ध होंगे

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि ट्रेनों में क्षेत्र के आधार पर स्थानीय व्यंजन उपलब्ध कराये जाएंगे और इस सिलसिले में दक्षिण रेलवे के तहत एक महत्वपूर्ण प्रयोग शुरू किया गया है। रेल मंत्री ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान द्रमुक सदस्य सुमति टी. के एक सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। द्रमुक सांसद ने मंत्री से यह अनुरोध किया था कि तमिलनाडु में परिचालित होने वाली वंदे भारत ट्रेनों में दक्षिण भारतीय व्यंजन भी उपलब्ध होने चाहिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रसोईयान कर्मी मुख्य रूप से हिंदी बोलते हैं, जिससे यात्रियों को अपनी आवश्यकताओं के बारे में बताने में कठिनाई होती है। वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने यात्रियों को स्थानीय व्यंजन परोसे जाने को सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण रेलवे में एक महत्वपूर्ण प्रयोग किया है।

## देखें कि क्या स्कूल की जमीन पर मस्जिद और दुकानों का अवैध कब्जा है : अदालत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम को निर्देश दिया कि वह इस बात की जांच करे कि क्या मस्जिद और दुकानों का वजीरपुर में एक स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण है। अदालत ने इसके साथ ही निगम को छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये भी कहा है। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से कहा कि वह सेव इंडिया फाउंडेशन की ओर से दायर इस जनहित याचिका को एक प्रतिवेदन के तौर पर देखे। एमसीडी के अधिवक्ता ने कहा कि धार्मिक संरचना स्कूल से पहले की है और किसी भी शिकायत के मामले में याचिकाकर्ता को धार्मिक समिति से संपर्क करना चाहिए था, जो अधिकृत धार्मिक संरचनाओं के ध्वस्तीकरण के मुद्दों से निपटती है। जब अधिवक्ता ने कहा कि कथित दुकानें वास्तव में स्कूल की सीमा के बाहर स्थित 'शेड' है, तो पीठ ने आदेश दिया, ''जैसा भी हो, याचिका में शिकायत का निवारण किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, ''हम निर्देश देते हैं कि रिट याचिका में किए गए कथनों को प्रतिवेदन के रूप में लिया जाएगा और इस पर एमसीडी द्वारा विचार किया जाएगा। यदि उक्त आरोपों की पुष्टि हो जाती है, तो सर्वेक्षण के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी।''

## दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण उपाय कड़े किये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की घोषणा



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को विधानसभा में घोषणा की कि सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अन्य राज्यों के वाहनों को प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक नयी नीति पेश करेगी। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ''दिल्ली में वाहनों से होने वाला वायु प्रदूषण'' शीर्षक वाली रिपोर्ट के जवाब में यह कदम उठाया गया है। रिपोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी के प्रदूषण नियंत्रण तंत्र में खामियों को उजागर किया गया है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग सुविधा के विस्तार की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2026 तक राजधानी में 48,000 चार्जिंग पॉइंट होंगे, जिसमें 18,000 सरकार द्वारा संचालित होंगे जबकि 30,000 अर्धसरकारी होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में ई.वी. को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही एक नयी इलेक्ट्रिक वाहन नीति भी पेश की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण की निगरानी और उसकी रोकथाम को मजबूती प्रदान करने के लिए छह नये वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रसंस्करण के लिए समर्पित एक नया इको-पार्क स्थापित करने की योजना का भी खुलासा किया, जिसका उद्देश्य ई-कचरे के अनुचित निपटान से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकना है।

## संसद को वक्फ के संबंध में कानून पारित करने का कोई अधिकार नहीं: तृणमूल कांग्रेस



**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को राज्यों के अधिकारों पर अतिक्रमण करने वाला बताते हुए बुधवार को दावा किया कि संसद को इस संबंध में कानून पारित करने का कोई अधिकार नहीं है। विधेयक पर सदन में हुई चर्चा में भाग लेते हुए बनर्जी ने कहा कि मुसलमानों को अपनी संपत्ति का अधिकार है और वक्फ संपत्ति मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है। उन्होंने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि ऐसे कानून पारित करने का अधिकार केवल राज्यों का है और यह विधेयक पूरी तरह असंवैधानिक है। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने कहा कि संवैधानिक प्रावधान संसद को ऐसे विधेयक लाने का अधिकार नहीं देते। उन्होंने कहा कि इस तरह से संसद के माध्यम से राज्य विधायिका के अधिकारों का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। बनर्जी ने यह भी कहा कि प्रस्तावित विधेयक कानून के उन भलीभांति स्थापित सिद्धांतों को खारिज करता है जिन्हें उच्चतम न्यायालय और अन्य न्यायालयों ने विभिन्न मामलों में निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पूछने का अधिकार किसने दिया कि कोई अपनी धार्मिक जिम्मेदारी अदा कर रहा है या नहीं।

## राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को एम्स में भर्ती कराया गया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को बुधवार को इलाज के लिए यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 76 वर्षीय नेता को एम्स के हृदय रोग विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. राकेश यादव के नेतृत्व वाले 'कार्डियो-न्यूरो सेंटर' की 'कार्डियो क्रिटिकल केयर यूनिट' में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टरों की एक टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। कुछ समय के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद उन्हें रात करीब नौ बजकर 35 मिनट पर इलाज के लिए यहां स्थित एम्स लाया गया। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उनके बेटे और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू प्रसाद की पीठ और हाथ पर घाव हो गए हैं, जिनका उन्हें दिल्ली में ऑपरेशन के जरिए उपचार होने की उम्मीद है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने कहा, ''लालू जी दोपहर दिल्ली जाने के लिए हवाई अड्डा पहुंचे। मेरी मां राबड़ी देवी उनके साथ थीं। अचानक रक्तचाप में गिरावट देखी गई, जिसके बाद हम उन्हें पारस अस्पताल ले गए।'' पटना में प्रसाद का इलाज करने वाले डॉक्टरों की टीम का नेतृत्व करने वाले प्रकाश सिन्हा ने कहा, ''उन्हें आपातकालीन वार्ड में रखा गया, जहां अंतःशिरा चिकित्सा के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ। वह जानना चाहते थे कि क्या उन्हें एयर एम्बुलेंस से दिल्ली ले जाया जा सकता है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग टोल संग्रह: उत्तर प्रदेश 7,060 करोड़ रुपये के राजस्व के साथ सूची में शीर्ष पर

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश उन राज्यों की सूची में सबसे ऊपर है, जिन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल के माध्यम से उच्च राजस्व जुटाया है। यह जानकारी बुधवार को संसद को दी गयी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि सरकार ने फरवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 7,060 करोड़ रुपये का 'टोल' एकत्र किए, इसके बाद राजस्थान ने 5,967.13 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र ने 5,115.38 करोड़ रुपये टोल एकत्र किए। गडकरी ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के चयनित खंडों पर उपलब्ध तकनीक के साथ बाधा मुक्त इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ईटीसी) प्रणाली को लागू करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, ''सरकार (टोल) 'पास' प्रणाली के विवरण पर काम कर रही है।

## शिवाजी महाराज ने आक्रमणकारियों से युद्ध हारने की लंबी परंपरा खत्म की : संघ प्रमुख मोहन भागवत

■ शिवाजी महाराज आज के आदर्श हैं



**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में आक्रमणकारियों से लगातार युद्ध हारने की लंबी परंपरा खत्म की। उन्होंने शिवाजी महाराज को विदेशी आक्रांताओं को करारा जवाब देने वाला पहला योद्धा करार दिया। नागपुर में एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों से युद्ध हारने की परंपरा सिकंदर महान के समय से चली आ रही थी और यह इस्लाम के प्रसार की आड़ में किए गए बड़े आक्रमणों के दौरान भी जारी रही। उन्होंने कहा, लड़ाई हारने और साम्राज्यों को नष्ट होते देखने की यह परंपरा सदियों तक जारी रही, जिसे विजयनगर साम्राज्य या राजस्थान के शासक भी खत्म नहीं कर सके। संघ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज ऐसे आक्रमणों का करारा जवाब देने वाले पहले योद्धा थे। उन्होंने कहा, शिवाजी महाराज पहले योद्धा थे, जिन्होंने ऐसे हमलों और आक्रमणों का करार जवाब दिया। विदेशी आक्रमणकारियों से एक के बाद एक युद्ध हारने का युग शिवाजी महाराज के उदय के साथ समाप्त हुआ, क्योंकि उन्होंने इसका समाधान पेश किया। भागवत ने कहा कि शिवाजी महाराज को 'युगपुरुष' कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने देश में मुगल आक्रमण सहित अन्य आक्रमणों के चक्र को रोक दिया था। उन्होंने याद किया कि शिवाजी महाराज कैसे आगरा में मुगल बादशाह औरंगजेब की कैद से भाग गए थे, जिससे उन्हें क्षेत्रों को सफलतापूर्वक वापस हासिल करने में मदद मिली। संघ

### छत्रपति शिवाजी महाराज शत प्रतिशत धर्मनिरपेक्ष शासक थे : गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज शत प्रतिशत धर्मनिरपेक्ष शासक थे, जिन्होंने कई युद्ध जीते लेकिन कभी किसी मस्जिद को ध्वस्त नहीं किया। गडकरी ने यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के बाहर के लोगों में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में कई गलत धारणाएं हैं। मंत्री ने विश्वास पाटिल द्वारा लिखित पुस्तक का अंग्रेजी अनुवादित संस्करण 'द वाइल्ड वारफ्रंट' का विमोचन किया। पुस्तक का अनुवाद नदीम खान ने किया है। उन्होंने कहा, ''शिवाजी महाराज एक आदर्श शासक, आदर्श पिता थे... वह 100 प्रतिशत धर्मनिरपेक्ष थे, जिन्होंने कई युद्ध जीते लेकिन कभी किसी मस्जिद को ध्वस्त नहीं किया।''

## आशिकी 3 के सितारों ने सिक्किम के मुख्यमंत्री से मुलाकात की, सहयोग के लिए जताया आभार



**गंगटोक :** बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग बासु, अभिनेता कार्तिक आर्यन और श्रीलिला ने बुधवार को मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। ये लोग सिक्किम में 'आशिकी 3' की शूटिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं दीं और शूटिंग के लिए इस खूबसूरत हिमालयी राज्य को चुनने के लिए उनका आभार जताया और उन्हें पारंपरिक उपहार भेंट किए। मंगलवार की रात को हुई बैठक में तमांग ने राज्य सरकार की ओर से इन सभी को निरंतर समर्थन का आश्वासन भी दिया ताकि उनका शूटिंग का कामकाज सुचारू रूप से हो सके। बासु ने अपनी टीम की ओर से मुख्यमंत्री के समर्थन और राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खास तौर पर सिक्किम पुलिस को धन्यवाद दिया जिससे शूटिंग बिना किसी परेशानी के पूरी हो सकी। श्रीलिला ने कहा कि सिक्किम की खूबसूरत वादियों, समृद्ध संस्कृति और परंपराओ ने उन्हें बेहद आकर्षित किया। फिल्म की शूटिंग बीते एक हफ्ते से गंगटोक और आसपास के इलाको, जैसे त्सोमगो लेक और एमजी मार्ग पर चल रही है।

## यूपी के अलीगढ़ में संविदा कर्मियों और जूस विक्रेता को करोड़ों रुपये का आयकर नोटिस मिला

**अलीगढ़ (उप्र) :** पंद्रह हजार रुपये वेतन पाने वाले एक व्यक्ति को 33.88 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस मिला, 8,500 रुपये वेतन पाने वाले दूसरे व्यक्ति को 3.87 करोड़ रुपये का नोटिस और तीसरे व्यक्ति को 7.79 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। मार्च में तीन नोटिस उन लोगों को भेजे गए हैं जो मुश्किल से अपना गुजारा कर रहे हैं, यह पहचान प्रणाली के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है। यदि केवल उनके वेतन को ही ध्यान में लिया जाए तो ये व्यक्ति आयकर का भुगतान करने के भी पात्र नहीं। इन पीड़ितों और जिन लोगों से उन्होंने मदद मांगी थी, द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कुछ व्यापारिक इकाइयों ने इन व्यक्तियों की सरकार द्वारा जारी पहचान संख्या जैसे आधार और पैन कार्ड का उपयोग करके लेनदेन किया। करण कुमार (34) को 33.88 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस मिला था। कुमार को वकीलों ने बताया कि महावीर एंटरप्राइजेज नामक एक कंपनी करण के नाम पर जाली पैन और आधार कार्ड का उपयोग करके दिल्ली में पेट्रोलियम उत्पादों और स्टील के सामान में बड़े पैमाने पर लेनदेन कर रही है। भारतीय स्टेट बैंक, खैर शाखा में संविदा कर्मचारी के रूप में 15 हजार रुपये के वेतन पर काम करने वाले करण कुमार ने संवाददाताओं को बताया, 'मुझे 29 मार्च को शाम करीब चार बजे आयकर नोटिस मिला।

## एमपी: मुस्लिम समुदाय के वर्गों ने वक्फ बिल पेश होने का जश्न मनाया




**भोपाल :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर बुधवार को भोपाल में मिली-जुली प्रतिक्रिया हुई। मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्गों ने इसका स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया, जबकि कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद सहित अन्य लोगों ने विधेयक का विरोध किया। हथईखेड़ा क्षेत्र में रहमत मस्जिद में मुस्लिम पुरुष और महिलाएं संसद में विधेयक पेश होने का जश्न मनाने के लिए इकट्ठा हुईं। हम वक्फ बिल का समर्थन करते हैं और शुक्रिया मोदी जी जैसे संदेशों वाली तख्तियां लेकर वे ढोल की थाप पर नाच रहे थे। रहमत मस्जिद समिति के अध्यक्ष मोहसिन-उल-हक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह विधेयक वंचित मुसलमानों के कल्याण के लिए एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा, हमने वक्फ विधेयक के समर्थन में एक कार्यक्रम आयोजित किया। हम इस विधेयक का समर्थन करते हैं क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि वक्फ की जमीन का इस्तेमाल गरीबों के लाभ के लिए किया जाएगा। समारोह में शामिल मोहम्मद शादाब ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं।

## मनरेगा घोटाले में क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन-बहनोई समेत 18 लोगों से होगी वसूली

**अमरोहा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में मनरेगा योजना में लाखों रुपये की धोखाधड़ी में फंसे क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन और बहनोई समेत 18 लोगों से वसूली की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमरोहा की जिलाधिकारी (डीएम) निधि गुप्ता वत्स ने दोषी कर्मचारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आदेश दिया है। वत्स ने बुधवार देर शाम बताया कि जोया प्रखंड के पलौला गांव में मनरेगा में धोखाधड़ी की प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गयी है और इस सिलसिले में संबंधित ग्राम प्रधान के खाते को जब्त करने के साथ ही संबंधित धनराशि की वसूली की जाएगी। जिलाधिकारी के अनुसार मामले में संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को निलंबित करने के साथ ही उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं। उनके खिलाफ पंचायती राज अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आयुक्त ग्राम्य विकास (लखनऊ) को प्रपत्र भेज दिया गया है। इस तरह की अनियमितताओं को लेकर जिले भर में अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी के आदेश पर परियोजना निदेशक (पीडी) अमरेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ लोकचंद आनंद एवं लोकपाल कृपाल सिंह जोया ब्लाक की ग्राम पंचायत पलौला में मनरेगा योजना में हुए फर्जीवाड़े की जांच कर रहे थे।

# भाजपा अध्यक्ष चुने जाने में देरी को लेकर अखिलेश ने कसा तंज

### शाह ने सपा को बताया 'परिवारवादी' पार्टी



**नयी दिल्ली :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर बुधवार को लोकसभा में तंज कसते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा अब तक अपना अध्यक्ष नहीं चुन पाई है। इस पर, गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि निर्णय लेने में देरी हो रही है क्योंकि उनकी पार्टी परिवारवादी नहीं है। सदन में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए अखिलेश ने सवाल किया कि भाजपा यह निर्णय नहीं ले सकी है कि उसका अगला अध्यक्ष कौन होगा? उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जो पार्टी यह कहती हो कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वह अब तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है। इस पर, शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा कोई परिवारवादी पार्टी नहीं है और इसलिए इसे अपने नेतृत्व को चुनने में समय लग रहा है, जबकि कई पार्टियों में यह पहले से तय रहता है। उन्होंने कहा, अखिलेश जी ने बहुत हंसते-हंसते कहा है और वह इसका जवाब हंसते-हंसते ही देंगे। उन्होंने विपक्षी दलों की ओर इशारा करते हुए कहा, ये सामने जितनी पार्टियां हैं उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष परिवार के ही पांच लोगों को चुनना होता है। जबकि (भाजपा में) 12-13 करोड़ सदस्य प्रक्रिया से (अध्यक्ष) चुनते हैं इसलिए देर लगती है। आपके यहां जरा भी देर नहीं लगेगी। मैं कह देता हूं...अभी 25 साल तक आप अध्यक्ष हो...नहीं बदल सकता.।इस पर अखिलेश ने कहा, अध्यक्ष महोदय जो बात निकल कर आई है उसे मैं आगे बढ़ाना चाहता हूं। जो बात सोशल मीडिया या अन्य जगह गुपचुप तरीके से हो रही है...कहीं ऐसा तो नहीं था कि अभी कुछ दिन पहले जो यात्रा हुई है वह कहीं 75 वर्ष के एक्सटेंशन वाली यात्रा तो नहीं थी? सपा सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आरएसएस मुख्यालय की हालिया यात्रा की ओर इशारा करते हुए यह कहा। अखिलेश ने कहा, ''यह जो विधेयक लाया जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी के अंदर मुकाबला चल रहा है...जो पार्टी यह कहती हो कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वह अभी तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है अब तक।

### राष्ट्रपति मुर्मू सात-10 अप्रैल तक पुर्तगाल, स्लोवाकिया का दौरा करेंगी

**यी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के उद्देश्य से सात अप्रैल से पुर्तगाल और स्लोवाकिया की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर सात से आठ अप्रैल तक पुर्तगाल का दौरा करेंगी। मंत्रालय ने कहा, ''पुर्तगाल की यह यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है, और ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुनः स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।'' इससे पहले 1998 में तत्कालीन राष्ट्रपति के आर नारायणन पुर्तगाल गए थे। मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी।

## भारतीय रेलवे ने 2024-25 में उसके पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 19 प्रतिश अधिक इंजनों का किया निर्माण

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे की रेल इंजन निर्माण इकाइयों ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न श्रेणियों में 1,681 रेल इंजनों का निर्माण किया, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 209 रेल इंजन या 19 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, भारत रेलवे लोकोमोटिव (इंजन) निर्माण में वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। उसने वित्त वर्ष 2024-25 में रिकार्ड 1,681 इंजनों का निर्माण किया।'' इसमें कहा गया है, ''यह उपलब्धि अमेरिका, यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्षेत्रों के कुल इंजन निर्माण से अधिक है, जो वैश्विक रेलवे क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की पुष्टि करता है।'' पिछले वित्त वर्ष से तुलना करते हुए मंत्रालय ने कहा, यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में निर्मित 1,472 इंजनों की तुलना में 209 इंजन या 19प्रतिशत अधिक निर्माण को दर्शाता है। रेल इंजन उत्पादन में वृद्धि को 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करने के लिए लिए गए रणनीतिक निर्णयों का प्रत्यक्ष परिणाम बताते हुए मंत्रालय ने कहा, ''2004 और 2014 के बीच भारत ने कुल 4,695 रेल इंजनों का निर्माण किया था, जिसका राष्ट्रीय वार्षिक औसत 470 था।

## चक्रवर्ती टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके, पंड्या ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर




**दुबई :** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि हार्दिक पंड्या बुधवार को जारी ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। चक्रवर्ती 706 रेटिंग अंक के साथ न्यूजीलैंड के जेकब डफी (723) और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707) से पीछे हैं। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (674) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) क्रमश: सातवें और 10वें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य दो भारतीय गेंदबाज हैं। अक्षर पटेल 13वें स्थान पर हैं। भारत के बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट तीसरे स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस का नंबर आता है।

## सैमसन को एनसीए से मिली हरी झंडी, रॉयल्स की कप्तानी के लिए तैयार

**बेंगलुरु :** संजू सैमसन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी मिल गई है और वह राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच फरवरी में खेली गई टी20 श्रृंखला के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद पर सैमसन के दाहिने हाथ की बीच की उंगली पर चोट लग गई थी जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वह राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल में पहले तीन मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे तथा रियान पराग ने उनकी जगह कप्तानी का दायित्व संभाला था। राजस्थान रॉयल्स ने विज्ञप्ति में कहा, 'राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी मिल गई है। वह टीम के पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले अगले मैच में कप्तान के रूप में वापसी करेंगे।' राजस्थान रॉयल्स को पहले तीन मैच में से दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था।



# गुजरात ने रोका आरसीबी का विजय रथ

### मोहम्मद सिराज के बाद जोस बटलर ने मचाया धमाल



**बेंगलुरु :** मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद साई सुदर्शन और जोस बटलर की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आठ विकेट से हरा दिया। बुधवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने लियाम लिविंगस्टोन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 169 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 17.5 ओवर में दो विकेट खोकर 170 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### तीसरे स्थान पर पहुंची आरसीबी

मौजूदा सत्र में यह गुजरात की लगातार दूसरी जीत है जबकि आरसीबी को लगातार दो मैचों में जीत के बाद पहली बार मुंह की खानी पड़ी। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम इस शिकस्त के साथ अंक तालिका के शीर्ष पायदान से लुढ़क कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। उनका नेट रन रेट 1.149 ही रह गया। वहीं, गुजरात चौथे स्थान पर चार अंक और 0.807 के नेट रन रेट के साथ है। पहले स्थान पर चार अंक और 1.485 के नेट रन रेट के साथ पंजाब किंग्स है।

### गुजरात की पारी

170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने सधी शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी हुई। भुवनेश्वर कुमार ने पांचवें ओवर में कप्तान को लिविंगस्टोन के कैच आउट कराया। वह 14 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोर्चा जोस बटलर ने संभाला। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंदों में 75 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की। इस दौरान सुदर्शन सिर्फ एक रन से अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए। वह 36 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाने में कामयाब हुए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए शेरफेन रदरफोर्ड भी शानदार फॉर्म में नजर आए। उन्होंने बटलर के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की नाबाद साझेदारी की और टीम को जीत दिलाई। विकेटकीपर बल्लेबाज बटलर 73 और रदरफोर्ड 30 रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए भुव-नेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने एक-एक विकेट चटकाया।

### ताश के पत्तों की तरह ढहा आरसीबी का बल्लेबाजी क्रम

इससे पहले गुजरात की घातक गेंदबाजी के आगे आरसीबी का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह ढह गया। उनके लिए लियाम लिविंगस्टोन ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। उनके अलावा जितेश शर्मा ने 33 और टिम डेविड ने 32 रन बनाए। वहीं, विराट कोहली सात, फिल सॉल्ट 14, देवदत्त पडिक्कल चार, रजत पाटीदार चार और क्रुणाल पांड्या पांच रन बनाकर आउट हुए। गुजरात के लिए मोहम्मद सिराज ने तीन और साई किशोर ने दो विकेट झटके।

## खराब फॉर्म से जूझ रही केकेआर का सामना सनराइजर्स से



**कोलकाता :** तीन में से दो मैच हार चुकी गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और पिछले साल फाइनल खेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद बृहस्पतिवार को आईपीएल मैच में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सत्र के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली हार के बाद कहा था कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन तीन मैचों में दो हार के बाद अब टीम का मनोबल थोड़ा गिरा होगा। पिछले सत्र में केकेआर ने सिर्फ तीन मैच गंवाये थे। अब फोकस एक बार फिर ईडन गार्डंस की पिच पर होगा चूंकि आरसीबी से सात विकेट से मिली हार के बाद इसकी काफी आलोचना हुई है। केकेआर के पूर्व सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी करके आरसीबी को जीत दिलाई थी। बंगाल क्रिकेट संघ पर दबाव है कि स्पिनरों से भरी केकेआर टीम के अनुकूल पिच बनवाई जाये। केकेआर के पास सुनील नारायण, मोईन अली और वरूण चक्रवर्ती जैसे धुरंधर स्पिनर हैं। पिछले महीने चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके आये स्पिनर चक्रवर्ती ने आरसीबी के खिलाफ 10.75 प्रति ओवर की दर से रन दिये। रिपोर्ट की मानें तो ईडन गार्डंस के पिच क्यूरेटर सुजन मुखर्जी ने पहले मैच में स्पिनरों की मददगार पिच बनाने का केकेआर का अनुरोध खारिज कर दिया था और यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया।

### ब्रावो ने दो हार के बाद केकेआर के बल्लेबाजों से 'बेसिक्स' पर ध्यान देने को कहा

**कोलकाता :** टी20 क्रिकेट में अधिकतर आक्रामक बल्लेबाजी देखने को मिलती है लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर (मार्गदर्शक) ड्वेन ब्रावो ने बुधवार को अपने बल्लेबाजों को याद दिलाया कि अगर 'बेसिक्स' को नजरअंदाज किया जाए तो हर समय आक्रामक बने रहना 'क्रिकेट नहीं' है। बल्लेबाजों के आक्रामक रवैये के कारण टीम को मौजूदा आईपीएल में तीन मैच में से दो में हार का सामना करना पड़ा है और स्पष्ट रूप से ब्रावो इस रवैये से प्रभावित नहीं हैं। ब्रावो ने 'बेसिक्स' पर टिके रहने के महत्व पर जोर दिया। ब्रावो ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'जहां तक हमारे बल्लेबाजी समूह की बात है, हां, हमारे पास एक आक्रामक बल्लेबाजी क्रम है लेकिन यह क्रिकेट नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मेरी टीम और खासकर बल्लेबाजों को मेरा संदेश यह है कि खेल की बुनियादी बातों की अब भी जरूरत है। खेल की समझदारी की अब भी जरूरत है।'

## न्यूज अपडेट

### अहमदाबाद, कोलकाता, दिल्ली, गुवाहाटी में होंगे 2025 के घरेलू सत्र में टेस्ट मैच

नयी दिल्ली : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को 2025 के घरेलू सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जिसके अनुसार अहमदाबाद, कोलकाता, नयी दिल्ली और गुवाहाटी इस सत्र में घरेलू धरती पर होने वाले चार टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे। भारत इस साल अक्टूबर में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा, जिसके मैच अहमदाबाद और कोलकाता में खेले जाएंगे। इसके बाद नवंबर में दक्षिण अफ्रीका की टीम दो टेस्ट मैच खेलने के लिए भारत आएगी जिसके मैच नयी दिल्ली और गुवाहाटी में होंगे। गुवाहाटी में पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत टेस्ट मैच के अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेलेगा। भारतीय टीम के घरेलू सत्र का कार्यक्रम इस प्रकार है : वेस्टइंडीज का भारत दौरा: पहला टेस्ट छह अक्टूबर से अहमदाबाद में। दूसरा टेस्ट 14 अक्टूबर से कोलकाता में। दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा: पहला टेस्ट 18 नवंबर से नयी दिल्ली में। दूसरा टेस्ट 26 नवंबर से गुवाहाटी में। पहला वनडे 30 नवंबर को रांची में। दूसरा वनडे तीन दिसंबर को रायपुर में। तीसरा वनडे छह दिसंबर को विशाखापत्तनम में। पहला टी20 नौ दिसंबर को कटक में। दूसरा टी20 11 दिसंबर को चंडीगढ़ में। तीसरा टी20 14 दिसंबर को धर्मशाला में। चौथा टी20 17 दिसंबर को लखनऊ में। पांचवां टी20 19 दिसंबर को अहमदाबाद में।

### मुंबई को छोड़कर अब गोवा के लिये खेलेंगे यशस्वी जायसवाल



**मुंबई :** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिये खेलना चाहते हैं। एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। अब जायसवाल 2025 . 26 सत्र में गोवा के लिये खेलेंगे। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'यह हैरानी की बात है। उसने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा। उनसे हमने कहा कि उसे रिलीज कर दिया जाये और हमने उसका अनुरोध मान लिया।' जायसवाल ने मुंबई के लिये आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था। उन्होंने चार और 26 रन बनाये जबकि मुंबई को टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार जम्मू कश्मीर ने पांच विकेट से हराया। गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पीटीआई से कहा, 'वह हमारे लिये खेलना चाहता है और हम उसका स्वागत करते हैं। वह अगले सत्र से हमारे लिये खेलेगा।' भारतीय टीम के लिये नहीं खेलने के समय जायसवाल गोवा की कप्तानी भी कर सकते हैं। इस बारे में पूछने पर देसाई ने कहा, 'हां, ऐसा हो सकता है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिये खेलता है और वह हमारा कप्तान हो सकता है। उसकी उपलब्धता को देखते हम बात करेंगे।' अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड के बाद मुंबई को छोड़कर गोवा जाने वाले जायसवाल तीसरे क्रिकेटर हैं। तेंदुलकर और लाड 2022-23 सत्र में गोवा चले गए थे।लाड हालांकि पिछले सत्र में मुंबई के लिये लौटे हैं।



## न्यूज इन ब्रीफ

### ट्रंप की शुल्क घोषणाओं पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष तैयार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने के संबंध में की जाने वाली घोषणाओं की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह नियंत्रण कक्ष भारतीय समयानुसार रात 1.30 बजे शुरू होगा। उन्होंने बताया कि वाणिज्य और उद्योग सहित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी घोषणाओं पर कड़ी नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष में मौजूद रहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि बृहस्पतिवार (भारत समयानुसार) सुबह-सुबह शुल्क की घोषणा अमेरिका के लिए 'मुक्ति दिवस' साबित होगी। वाणिज्य मंत्रालय इन जवाबी शुल्क के संभावित नतीजों का आकलन करने के लिए संभावित चार परिदृश्यों पर काम कर रहा है, क्योंकि अब भी इस बात को लेकर अनिश्चितता है कि ये शुल्क किस मात्रा में और किस तरीके से लगाए जाएंगे।

### यूपीआई के जरिये लेन-देन मात्रा बीते वर्ष दूसरी छमाही में 42 प्रतिशत बढ़कर 93 अरब पर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** देश में डिजिटल भुगतान के मामले में यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) की लोकप्रियता बनी हुई है। यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या 2024 की दूसरी छमाही में सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 93.23 अरब पहुंच गई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वर्ल्डलाइन की 2024 की दूसरी छमाही की 'इंडिया डिजिटल भुगतान रिपोर्ट' के अनुसार, मात्रा और मूल्य के मामले में तीन यूपीआई मंच... फोनपे, गूगल पे और पेटीएम का दबदबा बना हुआ है। लेन-देन की मात्रा के संदर्भ में, दिसंबर 2024 में, सभी लेन-देन में इन तीनें ऐप की हिस्सेदारी 93 प्रतिशत रही। लेन-देन मूल्य के संदर्भ में, हिस्-सेदारी 92 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया, 'बीते वर्ष की दूसरी छमाही (जुलाई-दिसंबर) में यूप-ीआई लेनदेन की मात्रा सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 93.23 अरब हो गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 65.77 अरब थी।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी; सेंसेक्स 593 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,300 के पार



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक अच्छी-खासी बढ़त में रहे। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स लगभग 593 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 167 अंक के लाभ में रहा। विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के मजबूत आंकड़े और हाल में गिरावट के बाद निचले स्तर पर लिवाली से बाजार में तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स 592.93 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,617.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 655.84 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,332.35 अंक पर बंद हुआ। निचले स्तर पर चुनिंदा वाहन, बैंक तथा आईटी शेयरों में लिवाली के साथ देश के विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि मार्च में आठ महीने के उच्च स्तर पर आने से घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से जोमैटो का शेयर करीब पांच प्रतिशत चढ़ा। इसके बाद, टाइटन का स्थान रहा जिसमें लगभग चार प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में नेस्ले, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। जियोजीत इन्-वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार में तेजी काफी हद तक इस उम्मीद पर आधारित है कि (अमेरिकी) शुल्क का घरेलू अर्थव्यवस्था पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। इसका कारण भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति होना है।'

### सरकार ने पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने प्रतिष्ठित शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता को तीन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का पद खाली हो गया था। सूत्रों ने कहा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने गुप्ता की आरबीआई में डिप्टी गवर्नर पद पर नियुक्ति को उनके कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल के लिए मंजूरी दी है। वर्तमान में, गुप्ता एनसीएईआर की महानिदेशक हैं।

## कोल इंडिया की नजर अर्जेंटीना में लिथियम ब्लॉक के अधिग्रहण पर: चेयरमैन प्रसाद



**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी एम प्रसाद ने बुधवार को कहा कि कंपनी अर्जेंटीना में लिथियम ब्लॉक हासिल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है और उसकी नजर ऑस्ट्रेलिया में एक महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक पर है। प्रसाद ने 11वे खनन सम्मेलन एशियाई खनन कांग्रेस और 11वीं अंतरराष्ट्रीय खनन प्रदर्शनी के आयोजन के बारे में जानकारी देने के दौरान संवाददाताओं से कहा, 'अर्जेंटीना में हम सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं... टीमों ने अर्जेंटीना का दो से तीन बार दौरा किया। हमने सरकार से सरकार के बीच बातचीत की।' उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भी लिथियम ब्लॉक के लिए तलाश की जा रही है। लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिज, पवन चक्की से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इलेक्ट्रिक कारों के लिए बैटरी के उत्पादन के लिए इनकी विशेष रूप से मांग है। चेयरमैन ने कहा कि इस साल बिजली उत्पादन इकाइयों में कोयले की कमी नहीं होगी।

## जल्दी सुनवाई की अपील को लेकर अदालत ने अनिल अंबानी पर 25,000 रुपये का 'जुर्माना' लगाया



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना आयकर विभाग के अप्रैल 2022 में जारी नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर बिना मतलब तत्काल सुनवाई के अनुरोध को लेकर लगाया गया है। न्यायाधीश एम एस सोनक और जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने कहा कि मामले को जरूरी बताया गया जबकि ऐसा कुछ नहीं था। खंडपीठ ने कहा कि एक गलत धारणा बनाकर मामले को जरूरी बताकर तत्काल सुनवाई की सुविधा का लाभ नहीं उठाया जा सकता। अदालत ने 27 मार्च के अपने आदेश में कहा कि इसके अलावा, चुनौती केवल कारण बताओ नोटिस को दी गई। इसकी प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। खंडपीठ ने याचिका पर तत्काल सुनवाई के आग्रह को लेकर अंबानी के आवेदन को खारिज कर दिया और 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना राशि दो सप्ताह के भीतर टाटा मेमोरियल अस्पताल को देने को कहा गया है। मंगलवार (एक अप्रैल) को जब याचिका नियमित सुनवाई के लिए आई, तो अंबानी के वकील रफीक दादा ने पीठ के समक्ष कहा कि 27 मार्च को कर विभाग ने संबंधित आकलन वर्ष के लिए अपना आदेश पारित किया था। उन्होंने याचिका वापस लेने का आग्रह किया और पीठ को सूचित किया कि लगाया गया जुर्माना जमा कर दिया गया है।

## एनएचएआई ने बीते वित्त वर्ष में 5,614 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया, लक्ष्य को किया पार

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधिकरण (एनएचएआई) ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान 5,614 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया है। यह निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस अवधि के लिए 5,150 किलोमीटर का लक्ष्य तय किया गया था। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, 'राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना' के विकास के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में एनएचएआई द्वारा पूंजीगत व्यय 2,40,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 2,50,000 करोड़ रुपये (अस्थायी) से अधिक के अभी तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। एनएचएआई द्वारा एक वित्त वर्ष में अबतक के सबसे अधिक पूंजीगत व्यय में सरकारी बजटीय सहायता और एनएचएआई के अपने संसाधन, दोनों शामिल हैं। बयान के अनुसार, कुल पूंजीगत व्यय में वित्त वर्ष 2023-24 में 2,07,000 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2022-23 के 1,73,000 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बयान में कहा गया, वित्त वर्ष के दौरान, एनएचएआई ने कुल 28,724 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण किया।

## न्यूज अपडेट

### सोना 94,150 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर स्थिर, चांदी टूटी

**नयी दिल्ली :** अमेरिका द्वारा जवाबी शुल्क लगाए जाने की चिंताओं के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर स्थिर बनी रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना करीब दो माह की सबसे तेज बढ़त यानी 2,000 रुपये की तेजी के साथ 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर स्थिर कारोबार करता रहा। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत सहित विभिन्न देशों पर जवाबी शुल्क के लागू होने से पहले सोने की कीमतें स्थिर रहीं। हालांकि, चांदी की कीमतें मंगलवार के बंद स्तर 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये घटकर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।

### भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात अप्रैल-फरवरी 2024-25 के दौरान 4.4 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली : भारत से ऑस्ट्रेलिया को निर्यात पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में अप्रैल-फरवरी के दौरान 4.4 प्रतिशत बढ़ा है। इसका कारण दोनों देशों के बीच 2022 में लागू किए गए मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस समझौते पर दो अप्रैल, 2022 को हस्ताक्षर किए गए थे। मंत्रालय ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते ने मजबूत व्यापार के लिए रास्ते बनाए हैं, दोनों देशों में कंपनियों, उद्यमियों और रोजगार के लिए नए रास्ते की पेशकश की है। समझौते के हस्ताक्षर और कार्यान्वयन के बाद, कुल द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 24 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे 2022-23 की तुलना में ऑस्ट्रेलिया में देश के निर्यात में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बयान के अनुसार, यह सकारात्मक गति पिछले वित्त वर्ष में जारी रही। अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान ऑस्ट्रेलिया में भारत के निर्यात में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### जीईएम ने बीते वित्त वर्ष में सरकारी कंपनियों को 10 लाख श्रमबल उपलब्ध कराये: सरकार

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक खरीद मंच जीईएम ने अपने मंच के जरिये 2024-25 के दौरान सरकारी संगठनों को 10 लाख से अधिक कार्यबल उपलब्ध कराये और नियुक्ति प्रक्रिया को सरल बनाया है। जीईएम (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) की श्रमबल आउटसोर्सिंग सरकारी खरीदारों को 'आउटसोर्स' कार्यबल को काम पर रखने के लिए एक सहज समाधान प्रदान करती है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि मंच पर 33,000 से अधिक सेवा प्रदाता खरीदारों को न्यूनतम मजदूरी और निश्चित पारिश्रमिक सहित विविध मानदंडों के आधार पर कार्यबल को शामिल करने को सुगम बनाते हैं। सुरक्षा कर्मियों, बागवानी कर्मचारियों, मल्टी-टास्किंग स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर और इकाइयों के प्रबंधन से जुड़े पेशेवरों जैसी विभिन्न कुशल और अकुशल भूमिकाओं के लिए लोगों को पोर्टल के माध्यम से काम पर रखा जा सकता है। बयान के अनुसार, ''जीईएम ने 2024-25 में सरकारी संगठनों द्वारा 10 लाख से अधिक कार्यबल संसाधनों को काम पर रखने की सुविधा प्रदान करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।'' जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय भादू ने कहा, ''हमारी श्रमबल आउटसोर्सिंग सेवा न केवल सरकारी संगठनों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया को सरल बनाती है, बल्कि हमारे व्यापक सेवा स्तर समझौते के माध्यम से सख्त श्रम अनुपालन भी सुनिश्चित करती है।'' जीईएम पोर्टल 2016 में स्थापित किया गया था। यह पोर्टल सरकारी खरीदारों को लागत प्रभावी दरों पर सार्वजनिक खरीद करने के लिए मंच प्रदान करता है। मंच ने 2019-20 में एक अलग खंड के रूप में सेवाओं को शामिल करने के लिए विस्तार किया। शुरुआत में श्रमबल नियुक्ति, कैब हायरिंग, सुरक्षा सेवाएं और सफाई और स्वच्छता सेवाएं जैसी बुनियादी सेवाएं प्रदान की गयीं।

वर्ष 10, पूर्णांक 4195 अंक 005, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in